CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -161 | राजनांदगांव, रविवार 28 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए










## 'लोकसभा चुनाव में एनडीए 2-0 से आगे', पीएम मोदी ने कोल्हापुर से विपक्ष पर बोला हमला

कोल्हापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए सनातन का अपमान करने वालों को सम्मानित कर रहा है। उन्होंने कहा कि द्रमुक नेताओं ने सनातन को डेंगू और मलेरिया बताया था, लेकिन इंडी गठबंधन उन्हें महाराष्ट्र आमंत्रित करता है और सम्मानित करता है। बताते चलें, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र और राज्य के मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए इसे खत्म करने की बात कही थी। स्टालिन की पार्टी द्रमुक विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है।



### दो चरण के चुनाव से क्या चला पता?

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो चरण के चुनाव संपन्न होने के साथ ही कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन दो सेल्फ गोल कर चुके हैं, और भाजपा एवं राजग दो गोल से आगे हो गए हैं। मोदी ने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र का फुटबाल हब भी है। यहां के युवाओं को फुटबाल प्रिय है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो दो चरण के चुनावों में कांग्रेस और आइएनडीआइए देशविरोधी एवं नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर चुके हैं। अब तीसरे चरण में गोल दागने की जिम्मेदारी कोल्हापुरवासियों की है।

### देशविरोधी एजेंडा एवं तुष्टीकरण की राजनीति शुरू

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले और दूसरे चरण में हुए एकतरफा मतदान से साफ है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा-राजग की मजबूत सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए कहा कि यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है, लेकिन जैसे ही कांग्रेस एवं आईएनडीआईए को अहसास हुआ कि विकास के एजेंडे पर वह भाजपा और राजग की बराबरी नहीं कर सकते, उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी और देशविरोधी एजेंडा एवं तुष्टीकरण की राजनीति शुरू कर दी।

### अनुच्छेद 370 से लेकर सीएए तक...

अब वह कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाने एवं सीएए खत्म करने की बात करने लगे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी में हिम्मत है कि मोदी द्वारा लिए गए इन निर्णयों को पलट सके। मोदी ने देश में अस्थिर सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि आईएनडीआईए पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने के फार्मूले पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री का सपना देखने वालों को यह देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इसलिए ये लोग देश पर गुस्सा उतार रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नशीली दवा बनाने वाली गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़, 300 करोड़ की दवा जब्त

नयी दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।



ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। अब जांच एजेन्सी इन दवाओं के वितरण से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

आतंकवाद रोधी दस्ते को गुजरात और राजस्थान से संचालित इन गुप्त प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी मिली थी। तीन महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं की पहचान के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई। संयुक्त टीमों ने तीन संदिग्ध स्थानों राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की।

इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है। ब्यूरो ने कहा है कि इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उत्तराखंड के जंगलों में आग का तांडव, आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर की सेवा ली

नैनीताल। उत्तराखंड के वनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। राज्य में अभी तक 689.89 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। इससे वन विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है। नैनीताल में आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर को लगाया है।



वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात तक पूरे प्रदेश के जंगलों में आग लगने की 575 घटनायें सामने आ चुकी हैं। आग लगने से कुल 689.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल जल कर राख हो चुका है। इससे वन विभाग को 14,41,771 रुपये का नुकसान हुआ है। वनाग्नि की सबसे अधिक 405 घटनायें आरक्षित वन क्षेत्र में हुई हैं। आरक्षित वन क्षेत्र में 478.29 हेक्टेयर क्षेत्रफल आग की भेंट चढ़ चुका है। इसी प्रकार सिविल वन क्षेत्र में 170 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इसमें 211.6 हेक्टेयर वन खाक हो गया है। आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित है। गढ़वाल मंडल में कल शाम तक 211 जबकि कुमाऊं मंडल में 313 घटनायें दर्ज की गयी हैं। कुमाऊं मंडल में 395.92 हेक्टेयर क्षेत्रफल वनाग्नि की भेंट चढ़ गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भुवनेश्वर साहू हत्याकांड की जांच के लिए बिरनपुर पहुंची सीबीआई, दो समुदायों के बीच झड़प में हुई थी हत्या

बेमेतरा। बिरनपुर में हुए सांप्रदायिक हिंसा की सीबीआई जांच शुरू हो गयी है, जिसको लेकर सीबीआइ की टीम शनिवार को ग्राम बिरनपुर पहुंची। सीबीआइ टीम के अधिकारी 2.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंची। फिर वहां से टीम सीधे बिरनपुर के लिए रवाना हो गयी। ज्ञात होकि इसके पूर्व में साजा के विधायक ईश्वर साहू ने विधानसभा में बिरनपुर में हुई हिंसा की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की थी, जिसके बाद विष्णु देव कैबिनेट में सीबीआइ जांच का निर्णय लिया गया था।

छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति के आधार पर भारत सरकार ने सीबीआइ जांच की अधिसूचना जारी की थी। बिरनपुर में हुई हिंसा के मामले में एफआइआर दर्ज कर 12 लोगों को आरोपित बनाया था। इस मामलें में स्थानीय स्तर पर पहले ही मामला दर्ज किया गया था। अब पूरे मामले को सीबीआइ अपने तरीके से जांच शुरू करेगी। उल्लेखनीय है कि बिरनपुर में दो समुदायों के बीच हुई झड़प में साजा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। हालांकि इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा में सीबीआइ जांच की घोषणा भी कर दी थी। बहरहाल आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो पाएगा सीबीआई जांच के बाद मामले में क्या मोड़ आता है, कितने आरोपित नामजद किए जाते हैं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। किंतु लोकसभा चुनाव के (शेष पृष्ठ 6 पर...)




### अमित शाह के दौरे के दूसरे दिन पहुंची सीबीआई टीम

इस पूरे घटनाक्रम में एक बारगी से कहीं नजर दौड़ाई जाए तो निश्चित रूप से इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि लोकसभा चुनाव की ध्यान में रखते हुए इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया जा रहा है। 27 अप्रैल को जहां जिला मुख्यालय बेमेतरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा हुई । उन्होंने अपने संबोधन में ग्राम बिरनपुर की घटना क्या जिक्र करते हुए संबोधन की शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन सीबीआई की टीम ग्राम बिरनपुर जांच में पहुंची। कहीं ना कहीं इस पूरे घटनाक्रम को प्रदेश गृह मंत्री की आम सभा में किए गए उल्लेख का ही परिणाम मान रहे हैं।

## मोदी 'सुपरमैन' नहीं, 'महंगाई मैन' बन गये हैं : प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही उन्हें 'सुपरमैन' की तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि 'महंगाई मैन' है।



श्रीमती वाड्रा ने आज यहां कहा, जब मोदी जी चुनाव प्रचार के लिए आते थे, तो ऐसा दिखाया जाता था कि मानो यह सुपरमैन हों लेकिन अब ये महंगाई मैन बन गए हैं। भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी जी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस देश की धरती को सींचा है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, स्वतंत्रता आंदोलन में जनता आगे आकर देश के लिए लड़ी लेकिन आज देश में जनता के सामने कई सारी परिस्थितियां हैं। आपके जीवन के कई संघर्ष और परिस्थितियां हैं। महंगाई, बेरोजगारी के दौर में लोग सुबह से शाम तक कई मुश्किलों का सामना करते हैं।

## भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य सीट से 26/11 के वकील उज्ज्वल निकम को उतारा, पूनम महाजन का कटा टिकट

नई दिल्ली। मुंबई की उत्तर मध्य सीट से भारतीय जनता पार्टी ने उज्ज्वल निकम को टिकट दिया है. उज्ज्वल निकम 26/11 मामले सहित कई बड़े मामलों के वकील रहे हैं. भाजपा ने पूनम महाजन का टिकट काटकर उज्ज्वल निकम को चुनाव मैदान में उतारा है. इस सीट पर काफी समय से भाजपा मंथन कर रही थी. कांग्रेस ने इस सीट पर वर्षा गायकवाड को टिकट दिया है.



उज्ज्वल निकम आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हैं और अपनी बेबाक राय के लिए जानते हैं. साथ ही वह अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. कसाब को फांसी दिलवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी.

टिकट मिलने पर उज्ज्वल निकम ने कहा, ये बात सही है कि राजनीति मेरे लिए नई है, लेकिन जिस आत्मविश्वास से बीजेपी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व ने जिम्मेदारी दी है, मै इसे अच्छी तरह से निभाऊंगा. हनुमान जयंती का मेरा जन्म है. मैं पॉजिटिव काम करता हूं और पॉजिटिव ही सोचता हूं. पूनम महाजन से मेरे पुराने सम्बन्ध है. प्रमोद महाजन हत्या का मामला मैने चलाया. तब मैने देखा है पूनम स्टुडियस लेडी हैं. मैं जरूर उनसे मिलूंगा क्योंकि उन्होंने इस लोकसभा का दस साल प्रतिनिधित्व किया है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'पीएम मोदी ने वोट बैंक की परवाह किए बिना लिए कई कड़े फैसले', अर्बन नक्सल पर क्या बोले अमित शाह ?

पोरबंदर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से देश को आतंकवाद, नक्सलवाद और गरीबी से छुटकारा दिलाने के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। उन्होंने अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी ने वोट बैंक की परवाह किए बिना कई कड़े फैसले लिए।



### पोरबंदर में रैली को किया संबोधित

गुजरात के पोरबंदर में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि दो चरणों के मतदान के बाद अब यह स्पष्ट हो चुका है कि देश के लोगों ने मोदी को फिर से लाने का फैसला कर लिया है। उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश में पर्याप्त मात्रा में गेहूं व दाल पंडित नेहरू की देन, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

बारपेटा। बारपेटा में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा रेलवे, सड़क, बंदरगाह, हवाई अड्डे बेच रही है। मोदी और शाह दोनों विक्रेता हैं और खरीदार कौन हैं? अडानी और अंबानी दो खरीदार हैं। इस तरह देश का विकास होता है? वे देश के विकास के लिए नहीं हैं। पीएम मोदी ने देश का, गरीबों का पैसा लूटा और अमीरों को दे दिया। उन्होंने अमीरों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए, लेकिन गरीबों या किसानों को कुछ नहीं दिया।



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये लोग (भाजपा) विज्ञापन करते हैं कि पीएम मोदी एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो गरीबों की मदद करने के लिए पैदा हुए थे। ऐसे देश में जहां चावल और गेहूं पर्याप्त मात्रा पैदा नहीं होता था। हमें अमेरिका से आयात करना पड़ता था। आज हम इतनी मात्रा में गेहूं, चावल और दाल पैदा कर रहे हैं, जो देश के लोगों के खाने के लिए पर्याप्त है। यह सब कांग्रेस व पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की देन है। उन्होंने देश में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति चलाई थी। उस देश में जहां एक सुई भी नहीं बनती थी, अगर किसी ने रॉकेट लॉन्च करने की हिम्मत की, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम साय बोले- जब तक देश में मोदी की सरकार रहेगी, तब तक खत्म नहीं होगा आरक्षण, कांग्रेस फैला रही भ्रम

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में शनिवार को सीएम विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर उतरा। यहां आयोजित सभा में सीएम ने कहा कि यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। 140 करोड़ जनता को मोदी जी अपना परिवार मानते हुए 24 घंटे में 18 घंटे काम करते हैं। आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाया था, वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का खाता सरगुजा से नहीं खुलना चाहिए। सरगुजा संभाग की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया और पूरी 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी को दी।




उन्होंने कहा कि पांच साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। कोयला, रेत शराब और गोबर तक में घोटाला कर दिया। इनके नेता और इनका साथ देने वाले अधिकारी जेल में हैं और खुद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा ऐप में 508 करोड़ प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है।

### 18 लाख पीएम आवास की दी स्वीकृति

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते 3 माह के भीतर ही 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस दिया। सीएम ने कहा कि चार बार 17 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव हो चुका है और कल दूसरे चरण में 3 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। चारों सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है और बाकी बची सात सीटें भी जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग बहुत समय से हो रही थी जिसे भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया और एक आदीवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुनीता केजरीवाल ने किया रोड शो, बोलीं- इस देश को बचा लीजिए, तानाशाही के खिलाफ वोट करें

दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनेता प्रचार के लिए मैदान में उतरे हुए हैं। दिल्ली में भी प्रचार जोरों पर है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली में मेगा रोड शो निकाला। जिसके बाद उनकी राजनीति में एंट्री हो गई है। यह उनका पहला रोड शो है।

### सड़कों पर लगे केजरीवाल के पोस्टर

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली से आप के लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कोंडली इलाके में रोड शो किया। मिली जानकारी के मुताबिक, कोंडली इलाके में रोड शो से पहले आई लव केजरीवाल और जेल का जवाब वोट से के पोस्टर लगाए गए हैं।



### दिल्ली वालों से सुनीता केजरीवाल की अपील

सुनीता केजरीवाल ने रोड शो के दौरान कहा कि ये देश तानाशाही की ओर जा रहा है। इस देश को बचा लीजिए। 25 मई को वोटिंग का दिन है। आप लोग वोट देने जाएंगे। उस दिन तानाशाही के खिलाफ वोट दें। जय हिंद..

उन्होंने जेल का जवाब वोट से का नारा भी लगाया। मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि वे पहली बार आप के चुनावी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही हैं। अभी तक ऐसे कार्यक्रम के प्रमुख मुख्यमंत्री केजरीवाल हुआ करते थे। उनके जेल जाने के बाद इस कमी को दूर करने के लिए सुनीता चुनावी मैदान में हैं। सुनीता केजरीवाल के रोड शो से पहले दिल्ली मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज से शुरुआत हो रही है। हम लोग रोड शो के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मैसेज जनता तक पहुंचाएंगे।

रविवार को पश्चिमी दिल्ली में जनता से केजरीवाल के लिए समर्थन मांगेगी। वे दिल्ली के अलावा पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी आप प्रत्याशियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छग में तीसरे चरण की सात सीटों पर भाजपा और कांग्रेस झोंकेगी पूरी ताकत, मोदी-शाह समेत ये दिग्गज करेंगे सभाएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ के तीसरे चरण के मतदान के पहले अब भाजपा और कांग्रेस अपने सितारे जमीन पर उतारने की तैयारी में हैं। दोनों दलों का फोकस छत्तीसगढ़ की सात लोकसभा सीटों पर है। इस महीने के अंत तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोरबा आ सकते हैं। संभवतः वह 29 अप्रैल को सभा कर सकते हैं। उनके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले भी इस चुनाव में मोदी चार सभाएं ले चुके हैं। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्रियों के भी दौरे के कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं।



वहीं, 30 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सक्ती में जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के लिए चुनावी प्रचार करने आएंगे। प्रदेश में यह खरगे का इस चुनाव का पहला दौरा होगा। इसके अलावा 27 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट और 29 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिलासपुर में सभा करेंगे। प्रियंका गांधी भी आने वाली हैं। हालांकि अभी उनके आने की तारीख तय नहीं हुई है। इसी तरह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का तीसरे चरण में भी सभा होने की जानकारी मिली है।

### पीएम मोदी का होगा यह तीसरा दौरा

चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा दौरा होगा। इसके पहले वह दो बार प्रदेश में चुनावी सभा कर चुके हैं। 23 अप्रैल को पीएम मोदी ने जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सक्ती के जेठा मैदान में जांजगीर-चांपा के भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े और रायगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जिताने की अपील की थी। 23 अप्रैल को धमतरी के श्यामतराई में भाजपा की महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग और रायपुर के लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगकर मतदाताओं को साझा था।

24 अप्रैल को पीएम मोदी ने अंबिकापुर में सरगुजा के भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महराज को जिताने की अपील की थी। इसके पहले पहले चरण के मतदान के लिए प्रधानमंत्री बस्तर के जिला मुख्यालय जगदलपुर से 40 किलोमीटर दूर गांव छोटे आमाबाल में विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित किया था। यहां बस्तर के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप और कांकेर के प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए मतदाताओं से वोट मांगे थे।

# स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान केन्द्रों में किया सराहनीय कार्य



- बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का स्काउट गाईड के बच्चों ने किया सहयोग
- मतदान मित्रों ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक व्हीलचेयर में बैठाकर पहुंचाया

राजनांदगांव (दावा)। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट गाईड के विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा।

स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सेवा भाव से मदद की। स्काउट गाईड के बच्चों ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर में बैठाकर, हाथ से सहारा देकर मतदान केन्द्र तक लाने का कार्य किया। इसके साथ ही कड़ी धूप को देखते हुए सभी मतदाताओं को ठंडा पानी पिलाने का काम भी किया। जिले के मतदान केन्द्रों में स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। स्काउट गाईड के छात्रों द्वारा मतदान के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पहला कॉलम...

### डॉ. रमन ने इतिहास दोहराने की बात कर संतोष पाडे की हार की सुनिश्चित : कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा चुनाव संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में भूपेश इतिहास दोहराने आए है कि बात कहकर यह प्रमाणित कर दिया है कि संतोष पांडे की हार सुनिश्चित है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र का इतिहास है कि धरमलाल गुप्ता, मोतीलाल वोरा जैसे प्रत्याशी दुर्ग से प्रथम बार में ही राजनांदगांव आकर अपनी जीत सुनिश्चित की थी। अब भूपेश बघेल दुर्ग से आकर चुनाव लड़े है। साथ ही साथ राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से जिस किसी भी संसद को दोबारा संसद का टिकट मिला है, उसकी हार सुनिश्चित हुई है। इस प्रकार से डॉ. रमन सिंह ने यह वक्तव्य देकर एक तरह से अपनी मंशा साफ कर दी कि संतोष पांडे की हार सुनिश्चित है। पिछले 5 वर्षों में जिस प्रकार से संतोष पांडे आम जनता के दूर रहे, जिसके कारण उन्हें निष्क्रिय संसद का नाम आम जनता ने दिया, उससे भी राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा के खिलाफ मतदान कर सही में राजनांदगांव के इतिहास को बरकरार रखना के पक्ष में मतदान किया है।

### आज जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष माँ भानेश्वरी जयंती 09 मई को मनाई जाएगी। जिसे लेकर सुचारू संचालन हेतु जिला साहू संघ की आवश्यक बैठक आज 28 अप्रैल को सिंघोला में प्रातः 9.30 से बैठक रखी गई है। अतः समस्त पदाधिकारियों तहसील परिक्षेत्र अपनी अपनी उपस्थिति माँ भानेश्वरी मंदिर प्रांगण सिंघोला में देने की असीम कृपा करें। जिसमें समस्त तहसील साहू संघ, परिक्षेत्र संघ, ग्राम साहू संघ रसीद बुक भी प्राप्त कर लेंगे। एवं जिस भी मंडल में राशि व चावल प्राप्त हो चुका है जमा करेंगे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

### CGTET एवं छात्रावास अधीक्षक की निःशुल्क कक्षाएं

राजनांदगांव (दावा)। मुकाम ट्यूटोरियल द्वारा जीत कोचिंग क्लासेस में 1 मई से 31 मई तक समय प्रातः 7:00 बजे निशुल्क कक्षाएं प्रदान की जाएगी। स्थान वार्ड नंबर 46 बसंतपुर राजनंदगांव, मोबाइल नंबर 7047409303 में संपर्क करें।



डोंगरगढ़ (दावा)। खपरीसिरदार पोलिंग बूथ में दुल्हे ने

# पेंड्री सुकुलदैहान में ग्रामीण पीडीसी का हुआ उद्घाटन



राजनांदगांव (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पेंड्री सुकुलदैहान में सूर्या संस्कार केंद्र के वार्षिक उत्सव के रूप में 10 दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ माँ भारती की पूजन कर किया गया। जिसमें अमरदास साहेब जी सनत टण्डन क्षेत्र प्रमुख दुर्गेश साहू युवा शक्ति सेवा संगठन समिति अध्यक्ष, हीरेन्द्र साहू सूर्या फाउंडेशन शिक्षक की उपस्थिति में किया गया।

इस 10 दिवशीय शिविर में अलग-अलग क्लास होगा जिसमें ट्रेनिंग का महत्व, विद्यार्थी के गुड, स्वस्थ रहने के 7 बिंदु, आदर्श घर, सुलेख, पत्र लेखन, शोसल मीडिया व मोबाईल के प्रयोग, और साथ ही वृक्षारोपण, आर्ट एवं क्राप्टिन, चित्रकारी, कबाड़ से जुगाड़, मानचित्र रीडिंग, विज्ञान के छोटे-छोटे प्रयोग ऐसे 10 दिनों तक कराटे का भी गुड सिखायेंगे।

इस प्रकार आज के बच्चे कल के भारत की उद्देश्य से गर्मियों की छुट्टियों को बच्चों का सर्वांगीण विकास कराएंगे जिसमे बौद्धिक, मानसिक, शाररिक सभी प्रकार से उनका वन-मिनट शो, गीत, अभ्यास, कहानी, अंताक्षरी, भजन संध्या भी होगा अंतिम दिन बच्चों द्वारा प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर शिविर का समापन किया जाएगा जिसमें सभी शिविरार्थी को प्रशस्ति पत्र देंगे और 5 बेस्ट भईया-बहनों को अलग से पुरस्कृत करेंगे। जिसमें से 1 भईया व 1 बहन को दिल्ली में आगामी शिविर में जाने का मौका मिलेगा। सलेक्ट होने पर उनको स्कालरशिप भी मिलेगा। इस प्रकार से पूरे देश भर के 18 राज्यों में चल रहा है और छत्तीसगढ़ में 9 स्थानों पर यह शिविर आयोजन करेंगे। गातापार,बम्हनी में होगा जो सनत टण्डन, सूर्या फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ प्रमुख के मार्गदर्शन में संचालित होगा।

# मनगटा में दामाखेड़ा से पधारे गुरु माता साहिबा के चरण-बंदगी प्राप्त हुआ



राजनांदगांव (दावा)। टेड़ेसरा क्षेत्र के ग्राम मनगटा में सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली एवं पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनिनाम साहेब की दया से 27 अप्रैल को दामाखेड़ा से पधारे मनीषा देवी गुरु माता साहिबा के द्वारा मनगटा में चरण भेंट बंदगी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसमें माता साहिबा के द्वारा गांव के अनेकों घरों में अपना चरण भेद बंदगी एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर क्षेत्र के आसपास के गांव से पधारे हुए। संत जनों के द्वारा भी गुरुमाता साहिबा के चरण बंदगी का सौभाग्य प्राप्त किया गया। ग्रामीणों के द्वारा काफी समय से माता साहिबा के आगमन के लिए आमंत्रित किया गया था। इसके पश्चात माता साहिबा के द्वारा मनगटा गांव में आगमन हुआ। इस आयोजन में परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज टेड़ेसरा एवं ग्राम वासियों के तत्वाधान में यह आयोजन सफलता पूर्वक चरण भेंट बंदगी का कार्यक्रम किया गया। जिसमें परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के अध्यक्ष उत्तम साहेब, यादराम साहेब, प्रकाश साहेब, नंदकिशोर साहेब, नेमूचंद साहेब, ललित साहेब, महेश्वरी साहू एवं आमीन माता महिला मंडल खासतौर पर उपस्थित थी।

यह चरण भेंट बंदगी कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में कॉफी हर्षोल्लास का माहौल रहा। यह जानकारी परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के मीडिया प्रभारी लुमनदास साहू ने दी है।

# युगांतर में डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं के लिए बेकिंग और आइसक्रीम मेकिंग सेशन आयोजित

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं के लिए बेकिंग और आइसक्रीम मेकिंग सेशन का शानदार आयोजन प्रातः 10 बजे से हुआ।




युगांतर का अभिनव जायकेदार आयोजन

इस दौरान डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स तथा प्रियंका कपूर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के मार्गदर्शन में बेकिंग और आइसक्रीम मेकिंग सेशन के अंतर्गत स्वादिष्ट नानखटाई ,चॉकोचिप्स कुकीज़,पौष्टिक साबूत गेहूँ के आटे तथा गुड़ का केक, ट्रिपल चॉकलेट नुटेला केक एवं मैंगो, जेलाटो, राजभोग आइसक्रीम बनाना सीखा।

उल्लेखनीय है कि युगांतर हमेशा नवाचार और रचनात्मकता में अग्रणी बना हुआ है। इस प्रगति की यात्रा में डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने भी अप्रत्यक्ष रूप से अमूल्य योगदान दिया है। आज डॉयरेक्टर्स फैमिली की इन्हीं प्रभावकारी व्यक्तित्व की धनी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक आनंददायक बेकिंग और आइसक्रीम बनाने के सत्र का आयोजन किया गया। यह ज्ञातव्य हो कि यह सभी आइसक्रीम बिना किसी कैमिकल की मदद से बनाई गई थी । डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स, प्रियंका कपूर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका तथा प्रबंधन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते इस आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

इस रचनात्मक आयोजन की सफलता पर संस्था के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।






राजनांदगांव ( दावा )। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अंजुम अल्वी ने रुबीना के साथ किया मतदान।



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव के मतदान के अवसर पर संस्कारधानी में नगर के साथ साथ तिलक वार्ड में भी वृद्धों, नागरिकों, निःशक्तजन ने उत्साह से मतदान किया व अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का निर्वहन, चुनाव तिहार के अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती प्रज्ञा पंकज गुप्ता ने इनका स्वागत व सक्रियता से मतदान करने हेतु आभार व्यक्त किया।

# तीसरी रेलवे लाइन को सालेकसा रेलवे स्टेशन से जोड़ने हेतु 30 तक ट्रेनें रहेगी रद्द

राजनांदगाँव (दावा)। कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी रेलवे लाइन को सालेकसा रेलवे स्टेशन से जोडने हेतु इंटरलोकिंग कार्य के फलस्वरूप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के राजनांदगाँव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को सालेकसा रेलवे स्टेशन से जोडने हेतु इलेक्ट्रोनिक इंटरलोकिंग का कार्य के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक किया जायेगा। जिसके कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसमें दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक दुर्ग से छूटने वाली 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 28 अप्रैल से 01 मई 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।



दिनांक 28 अप्रैल से 01 मई 2024 तक इतवारी से छूटने वाली 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक डोंगरगढ़ से छूटने वाली 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08712 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से छूटने वाली 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08751 रामटेक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक इतवारी से छूटने वाली 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक रामटेक से छूटने वाली 08755 रामटेक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 27 से 30 अप्रैल 2024 को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

**शुभांक**

अनुमानित — बी. के.

569-0 390-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



# महादेव सट्टेबाजी एप पर दबिश के बाद सट्टेबाजों ने बदला ठिकाना, दर्जनभर नए एप से लगा रहे करोड़ों का दांव

रायपुर। महादेव सट्टेबाजी एप से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी को भांप कर सटोरिए अब नए-नए नाम के आनलाइन सट्टा एप की आइडी लेकर रोज करोड़ों का सट्टा लगा रहे है। कोलकाता और गोवा में पकड़े गए सट्टेबाजों ने पूछताछ में बताया कि महादेव एप की तरह अंबानी सट्टा बुक, रेड्डी अन्ना एप, एमडी 143 जैसे दर्जनभर से अधिक एप की आइडी लाखों रुपये में लेकर वे पुलिस की गिरफ्त से बचने कोलकाता, दिल्ली, गोवा समेत अन्य महानगरों में दांव लगाने केवल 100 रुपए में पासवर्ड-आईडी लेकर आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं।

कई मोबाइल नंबरों पर महादेव सट्टा एप की आईडी भी बेची जा रही है। यहीं नहीं 8822661754 व 9162057609 नंबरों पर महादेव सट्टा एप की आईडी भी बेची जा रही है। ईडी से लेकर पुलिस की इतनी सख्ती के बाद भी महादेव एप की तरह कई एप के देशभर में 2000 से अधिक ब्रांच खुल गए है।इन सट्टेबाजों का नेटवर्क 10 हजार लोगों तक फैला हुआ है। केंद्र सरकार ने भले ही छह नवंबर 2023 को महादेव,अन्ना रेडी समेत 22 सट्टेबाजी एप और वेबसाइट्स को ब्लाक करने के बाद भी छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में अलग-अलग नामों से सट्टेबाजी एप और वेबसाइट धड़ल्ले से अब भी संचालित हो रहे हैं। महादेव बुक से जुड़े लोगों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सख्ती का भी असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। जानकार बताते है कि एप के पैनल आपरेटरों ने पुलिस, ईडी से बचने के लिए अपने ठिकाने जरूर बदल लिए है।

### गेमिंग एप को पूरी तरह से बंद करने कर रहे उपाय

एसएसपी रायपुर संतोष कुमार सिंह ने कहा, आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे सटोरियों की रायपुर पुलिस लगातार धरपकड़ कर रही है। महादेव समेत कई आनलाइन सट्टा एप, बेवसाइट को प्रतिबंधित करने के बाद नए-नए नाम से एप संचालित हो रहे है। डोमेन पर निगरानी का काम केंद्र सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत है। जिन डोमेन की शिकायत की जाती है, उन्हें ही ब्लाक किया जाता है। इसके अलावा अन्य डोमेन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। आनलाइन गेमिंग के सिस्टम को पूरी तरह बंद करने के उपाय निकाले जा रहे हैं।

### प्रतिबंध होने के कुछ घंटे के भीतर नया डोमेन शुरू

केंद्र सरकार ने जिन आनलाइन सट्टा एप और वेबसाइट्स के डोमेन को प्रतिबंधित कर रखा है, उसकी जगह आनलाइन बैटिंग एप के प्रमोटरों ने उन्हीं नाम से कुछ घंटों के भीतर नया डोमेन शुरू कर पूरे देश में नेटवर्क फैला दिया। इतना ही नहीं जिस पैटर्न पर पहले आनलाइन बैटिंग की जाती थी, अब भी लोग उसी पैटर्न पर बैटिंग कर रहे हैं। पेमेंट डिपाजिट और क्रेडिट करने का पैटर्न ही कुछ एप में बदला है। सट्टेबाज सौ रूपये से लेकर लाखों रुपये आनलाइन डिपाजिट राशि लेकर आइडी दे रहे है। रायपुर शहर के सौ से अधिक बड़े सट्टेबाज गोवा, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता समेत मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के अलग-अलग शहरों में ब्रांच खोलकर आनलाइन सट्टेबाजी का खेल संचालित कर रहे है।

### गारंटी के तौर पर ले रहे 15 से 25 लाख

जानकारों की माने तो अकेले महादेव सट्टा एप की ही 1000 से अधिक ब्रांच देशभर में अब भी संचासित हो रहे है।20 से 40 प्रतिशत कमीशन में एक ब्रांच मिलती है।हर ब्रांच का डिपाजिट राशि भी अलग-अलग होता है। हर हफ्ते सेटलिंग का सिस्टम बना हुआ है। वर्तमान में हफ्ते में दो बार सेटलिंग हो रही है। एक ब्रांच देने गारंटी के तौर पर 15 लाख से 25 लाख रुपए लिया जा रहा है। हफ्ते के 15 लाख रुपए से लेकर हफ्ते के दो करोड़ रुपए से ज्यादा तक की सेटलिंग हो रही है। हर ब्रांच सर्वर से जुड़ा हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि ब्रांच लेने वाले खिलाड़ी को ढूंढने की जरूरत नहीं है। हर ब्रांच के साथ अलग-अलग खिलाड़ी भी मिलते हैं। एक ब्रांच में 12 सौ से लेकर दो हजार तक खिलाड़ी होते हैं। ब्रांच का काम उन्हीं खिलाड़ियों को संभालने का होता है।

## कांकेर में आगजनी का बड़ा हादसा

# ग्रामीण बैंक में लगी भीषण आग, लपटों में सब कुछ जलकर स्वाहा



कांकेर। बैंक भवन से धुएं का गुब्बार देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली की बैंक में रखे दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक उपकरण जलकर स्वाहा हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर जिला सहकारी बैंक कोर्रा शाखा में अचानक आग लग गई। जानकारी होते ही लोगों में हड़कंप मच गया।

जानकारी होते ही शाखा प्रबंधक ने दस्तावेजों को हटाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कई दस्तावेज जलकर राख हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम पहुंची और आम लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शाखा प्रबंधक महेन्द्र सिंह गौर ने बताया कि शार्ट सर्किट के चलते मीटर में आग लग गई। यह आग तेजी से फैला, जिससे एक सीपीयू, मॉनिटर और पासबुक प्रिंटर जल गया। हालांकि आगजनी की घटना में जन और धन की हानी नहीं हुई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आगजनी की घटना से हजारों का नुकसान हुआ।

## एसपी त्रिलोक बंसल ने संपत्निक मतदान कर बैलेट को विजयी बनाने की अपील



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा के मतदान कार्यक्रम के दौरान खैरागढ़ में एसपी ने मतदाताओं के साथ कतार में लगकर मतदान किया. इस दौरान मतदाताओं से मतदान को लेकर एसपी ने खास अपील भी की और कहा कि लोकतंत्र व देश की रक्षा के लिये बैलेट को विजयी बनाये।

वोटिंग के दौरान मतदान केन्द्रों में मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण कर खैरागढ़ मतदान केंद्र में लाइन में लगकर वोट डाला। साथ ही सेल्फी जोन में सेल्फी भी खिंचवाई। इसके बाद एसपी ने आम लोगों से वोटिंग की अपील की और कहा कि, मतदान लोकतंत्र के पर्व का हिस्सा है। हम जिस प्रकार दीपावली और होली या अन्य भारतीय पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं।

उसी उत्साह के साथ हमें मतदान को भी एक पर्व की तरह मनाना चाहिए. जिला केसीजी में दिव्यांग रथ के माध्यम से दिव्यांगजन मतदान केंद्र पहुंचे और वोट का प्रयोग किया बता दे कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिले में शुक्रवार शाम को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान यहां महिला, पुरुष, बुजुर्ग, दिव्यांग वोटरों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति पूर्ण मतदान कराकर लौटे मतदान दलों का कलेक्टर एसपी ने गुलदस्ता भेंटकर किया स्वागत

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा करेलागढ़ (थाना-गातापार जंगल) मतदान केंद्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन कराकर सकुशल लौटी पोलिंग टीम के सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंटकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, खैरागढ़ एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर टंकेश्वर साहू, छुईखदान एसडीएम रेणुका रात्रे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।





## काांग्रेसजनों का उत्साह बढ़ाने बूथ में पहुचे कांग्रेस प्रत्याशी बघेल

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को मतदान के दौरान डोंगरगढ़ के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर कांग्रेस जनों का उत्साह बढ़ाया। डोंगरगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। 270 बूथ वाले इस विधानसभा में डोंगरगढ़ शहर में कुल 31 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इस दौरान विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महामंत्री थानेश्वर पाटिला, संध्या देशपांडे, पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजीव गोमास्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



## भाजपा नेता ने बारात ले जाने के पूर्व मतदान कर मतदान के प्रति लोगों को जागरुक किया

डोंगरगढ़ (दावा)। बूथ नम्बर 145 वार्ड नंबर 11 के मतदाता एवं भाजपा के मन की बात के प्रभारी अपनी शादी की बारात ले जाने के पूर्व अपने मतदान केंद्र नगर पालिका में आकर मतदान किया। इस दौरान बूथ नम्बर 146 के प्रभारी लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं पूर्व पार्षद कमलेश काले उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने लाइन में लगकर सपत्निक किया मतदान



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत वर्मा व धर्मपत्नी सुधा वर्मा के साथ सिविल लाइन स्थित शासकीय प्रायोगिक प्राथमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक-222 में लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और उपस्थित मतदाताओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उनका पुष्पगुच्छ एवम तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

## दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



जांजगीर चांपा। जांजगीर चांपा जिले के अरसमेटा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ अस्पताल लगाया गया है। अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार है।

गुसाए लोगों ने चक्काजाम किया हुआ है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मृतक रामकुमार कश्यप (47) निवासी कोनारगढ़ जो कि एक बाइक में अपनी पत्नी शतरूपा बाई (42) वर्ष, पुत्र चंद्र प्रकाश कश्यप (19) वर्ष और 3 साल की छोटी बच्ची नातिन के साथ अपने गांव कोनारगढ से अपनी नतनीन के बर्थडे मनाने के लिए गांव परसदा जा रहे थे। करीबन 12.30 बजे अरसमेटा मोड़ के पास पहुंचे हुए थे की अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मारी जिससे बाइक में सवार सभी सड़क के किनारे जा गिरे।

वहीं अज्ञात वाहन चालक मौके पर से वाहन को लेकर फरार हो गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ के अस्पताल में भेजा गया है। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश भी घटना स्थल पर पहुंची हैं। पिछले 2 घंटे से चक्काजाम जारी है मगर अब तक कोई हल नहीं निकल पाया है। लगातार अधिकारियों के द्वारा समझाया जा रहा है।

## विधायक यशोदा वर्मा ने सपरिवार किया मतदान...



खैरागढ़ ( दावा )। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपने परिवार सहित गृहग्राम देवारीभाठ में लाइन में लगकर किया मतदान।

# नक्सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस के नेता को परिवार के सामने उतारा मौत के घाट, गांव में दहशत

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों की एक और कायराना करतूत सामने आई है। बीती रात नक्सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस के नेता रह चुके जोगा पोडियामी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद से परिवार में जहां शोक की लहर छा गई, वहीं इलाके में दहशत का माहौल है। वारदात की जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। जहां परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। यहां पूरा मामला अरनपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात को करीब 20 से अधिक नक्सली जोगा पोडियामी के घर पहुंचे। जहां से उसे घर के बाहर लाकर परिवारवालों के सामने ही बेरहमी से हत्या कर दी। नक?सलियों ने पूर्व जनपद सदस्य पर पुलिस की मदद करने और भाजपा के लिए प्रचार करने का आरोप लगाया है। मृतक जोगा पोडियामी कई वर्षों से कांग्रेस में रहकर कार्य कर रहा था। इन्हीं कार्यों की वजह से वहां की जनता ने उसे जनपद सदस्य भी बनाया था, क्षेत्र में लगातार लोगों को मतदान और अन्य कार्यों के लिए जागरूक कर रहा था। बता दें कि मौजूदा समय में जोगा पोडियामी की पत्नी जनपद सदस्य है।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों ने जोगा को इन सब से दूरी बनाए रखने की बात कही थी, लेकिन इन सबके बाद भी जोगा पोडियामी क्षेत्र के लोगों को मतदान करने के लिए हमेशा से प्रेरित कर रहे थे। जिसके चलते वे नक्सलियों के टारगेट में थे। इसी बौखलाहट के चलते नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 10 साल पहले बेटे को जिंदा जलाया था

नक्सलियों ने 10 वर्ष पहले मृतक के बेटे हरीश पोडियामी की भी हत्या की थी। जनदालत में मां और पिता के सामने ही पुत्र को जिंदा जला दिया था। आतंकियों ने हरीश पोडियामी पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया था। वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव के समय नक्सलियों ने भाजपा नेता नंदलाल मुडामी पर हमला किया था, उसी समय जोगा पोडियामी को भी चेतावनी दी थी। बता दें कि गांव में सड़क, पुलिस कैंप और विकास के कामों से नक्सली बौखलाए हुए थे।



### तगड़ी सुरक्षा के बीच गांव में ही हुई वोटिंग

पोटली गांव एक समय में नक्सलियों का सबसे सेफ जोन हुआ करता था। धीरे-धीरे पुलिस ने इस इलाके को अपने कब्जे में लेकर कैम्प स्थापित किया। जिसके चलते इलाके में सड़क बनी। नक्सली विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करते थे। दहशत से पोलिंग बूथ को पहले दूसरे गांव में शिफ्ट कर मतदान कराया जाता था, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच पिछले चुनाव से ग्रामीण अपने ही गांव में मतदान करने लगे। मतदान को लेकर नक्सलियों में भारी बौखलाहट है।

### चार माह में फर्जी केस किए दर्ज

नक्सली कोंटा एरिया कमेटी सचिव मंगडू का आरोप है कि पुलिस के द्वारा पिछले चार महीने में निर्दोष ग्रामीणों को फर्जी केस में फंसाया गया है। पिछले चार माह में 55 से ज्यादा लोगों को पुलिस ने अरेस्ट किया है। जिन पर पुलिस ने फर्जी केस दर्ज किए हैं। इस आरोप के बाद पुलिस फिर से एक्टिव हो गई है। नक्सलियों के मूवमेंट पर भी लगातार नजर रखी जा रही है।

### अब तक इतने बीजेपी नेताओं-कार्यकर्ताओं की हत्या

जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। जिसके चलते कांकेर मुठभेड़ में 29 नक्सली फेर हुए हैं। बात करें बीजेपी नेताओं व कार्यकर्ताओं की हत्या की तो बस्तर संभाग में साल 2023-24 में नक्सलियों ने 8 से ज्यादा को मौत के घाट उतारा है।

जिन भाजपाइयों की नक्सलियों ने हत्या कर दी उनमें बीजापुर बीजेपी मंडल प्रमुख नीलकंठ केकम शामिल थे, नक्सलियों ने 5 फरवरी 2023 को उनकी हत्या कर दी थी। इसके अलावा 10 फरवरी 2023 को नारायणपुर जिले में बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष सागर साहू को नक्सलियों ने देर शाम घर में घुसकर गोली मार दी थी। 11 फरवरी 2023 को नक्सलियों ने दंतेवाड़ा जिले में बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता रामधर अलामी की हत्या कर दी। 29 मार्च 2023 को नारायणपुर जिले में बीजेपी नेता रामजी डोडी और 21 जून 2023 को बीजापुर में एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन काका की हत्या की थी।

## अनमोल दावा

> पूजा करने का कोई सिद्धांत नहीं है। परमात्मा हर उस दिल की सूनता है जो कि पवित्र, निर्दोष और ईमानदार है।

## मणिपुर में मानवाधिकार हनन के लिए अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा भारत को कठघरे में खड़ा करना नाहक दख़लंदाज़ी

कुछ गिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है।

भातीय समाज में इतनी विविधता और कई मायनों में जटिलता है कि उसमें अक्सर टकराव जैसे हालात बन जाते हैं। मगर सरकार बिगड़े हालात को संभालने, शांति कायम करने का हर प्रयास करती है। कभी ऐसा हो सकता है कि कहीं स्थितियां इतनी खराब हो जाएं कि उन्हें ठीक करने में वक्त लगे। भारत सरकार अपनी जवाबदेही को समझती है।

अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता।गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं।

कुछ गिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा? यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को च्बेहद पक्षपातपूर्णज् करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है।

विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल स्थितियां पैदा होती हैं, तो उन पर काबू पाने और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार बातचीत सहित अन्य जरूरी तौर-तरीके अपना कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है। भारत अपनी मुश्किलों को दूर करने में सक्षम है और यहां लोकतंत्र की जड़ें इसीलिए गहरी हैं।




# पीएम मोदी और नीतीश कुमार का ये समीकरण शख़्सियत की लड़ाई है या कुछ और?

**चंदन कुमार जजवाड़े**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुक्रवार को चुनावी मंच पर देखे गए हैं.दोनों नेता मुंगेर सीट से चुनाव लड़ रहे जेडीयू के ललन सिंह के लिए प्रचार करने पहुँचे थे. हालाँकि शुक्रवार को ही अररिया में हुई पीएम मोदी की सभा में नीतीश कुमार मौजूद नहीं रहेअररिया से बीजेपी उम्मीदवार प्रदीप सिंह मैदान में हैं.कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया च्एक्सज् पर लिखा है कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर पलटी मारने की तैयारी कर रहे हैं या प्रधानमंत्री खुद को बिहार की जातिगत गणना से दूर रख रहे हैं.चुनाव आयोग ने पीएम मोदी, राहुल गांधी की बजाय बीजेपी और कांग्रेस को भेजा नोटिस, क्या हैं जोखिम? 7 अप्रैल को नवादा में मोदी और नीतीश एक साथ चुनावी मंच पर देखे गए थे. लेकिन नवादा के बाद बिहार में नरेंद्र मोदी की कुछ सभाओं में नीतीश कुमार मौजूद नहीं थे. उसके बाद से ही नीतीश कुमार के बीजेपी के साथ समीकरण पर कई तरह के सवाल सवाल किए जा रहे हैं.

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, %%हमारे लिए नीतीश जी का पूरा सम्मान है जो आगे भी रहेगा, मुझे तो सूचना मिली है कि बीजेपी के लोगों ने ही नीतीश कुमार को मना किया है कि प्रधानमंत्री के साथ मंच पर न बैठें.हालाँकि इस मुद्दे पर कहा ये भी जा रहा है कि खुद प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए के सभी नेताओं को अलग-अलग चुनाव प्रचार करने को कहा है.

वरिष्ठ पत्रकार नचिकेता नारायण कहते हैं, च्बीजेपी के मन में यह डर भी हो सकता है कि उसे नीतीश के साथ से उनके एंटी इनकंबेंसी (सत्ता विरोधी रुझान) को भी साझा करना पड़ सकता है, क्योंकि नीतीश कुमार क़रीब दो दशक से बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मौजूद हैं.%%

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्षी एकता का जनक भी माना जाता है. विपक्षी गठबंधन इंडिया में भले ही नीतीश के पास कोई पद नहीं था, लेकिन वो राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा के केंद्र में थे. विपक्ष की बैठकों में भी उनकी भूमिका काफ़ी अहम थी.नीतीश इसी साल जनवरी के आख़िर में विपक्ष का साथ छोड़कर एनडीए में शामिल हो गए थे.

अपने भाषण के बाद नीतीश कुमार प्रधानमंत्री मोदी के पाँव (घुटने) पकड़ते भी नज़र आए थे. बिहार के सियासी गलियारों में यह तस्वीर चर्चा का एक विषय बन गई, जिसे बिहार में विपक्ष ने नीतीश के सम्मान के साथ भी जोड़ा था.इसके बाद 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी की गया और पूर्णिया में हुई चुनावी सभाओं में नीतीश कुमार मौजूद नहीं थे. जबकि आमतौर पर अपनी या अपने गठबंधन की सरकार वाले राज्य में प्रधानमंत्री की सभा में मुख्यमंत्री मौजूद होते हैं.यहीं से नीतीश कुमार की एनडीए में स्थिति को लेकर चर्चा होने लगी.नचिकेता नारायण कहते हैं च्ललन सिंह और चिराग पासवान ने नवादा रैली के बाद कहा था कि पीएम ने एनडीए के सभी नेताओं को अलग-अलग रैली और सभाएँ करने को कहा है. यह लीपा पोती लग रही है. अगर ऐसा है तो कटिहार में नीतीश और अमित शाह एक साथ कैसे थे. 21 अप्रैल को बीजेपी नेता अमित शाह की बिहार के कटिहार में चुनावी रैली हुई थी. उस रैली में नीतीश कुमार भी अमित शाह के साथ मौजूद थे.हालाँकि शुक्रवार 26 अप्रैल को नरेंद्र मोदी की बिहार में दो चुनावी सभा हुई. यहाँ अररिया की सभा में एलजेपीआर के चिराग पासवान और एनडीए के कई नेता मोदी के साथ देखे गए, जबकि नीतीश कुमार इसमें मौजूद नहीं थे.वहीं मुंगेर की सभा में नीतीश मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे.



वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया भेलारी दावा करते हैं, च्नीतीश कुमार, मोदी जी से बड़े नेता रहे हैं, लेकिन वो जब बोलने लगते हैं तो काफ़ी लंबा भाषण हो जाता है. अब उनका भाषण जनता को अपील नहीं करता है. नीतीश कब क्या बोल देंगे यह भी पता नहीं चलता, इसलिए उनको मोदी के साथ मंच साझा करने से रोक दिया गया था.माना जाता है कि नीतीश और मोदी की चुनावी मंचों पर दूरी बनी रहने से वोटरों के मन में बीजेपी-जेडीयू के संबंधों को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं. पहले भी इन दोनों के बीच संबंधों में कई बार उतार चढ़ाव देखा गया है. नीतीश कुमार पहली बार साल 1985 में बिहार विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने थे. नीतीश ने पहली बार साल 1989 में लोकसभा चुनाव जीता था और साल 1990 में वो पहली बार केंद्र सरकार में मंत्री भी बनाए गए थेनीतीश ने साल 2000 में पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, हालाँकि बहुमत ना होने से वह सरकार एक हफ़्ते भी नहीं चल पाई थी.नीतीश बाद में केंद्र सरकार में कई विभागों के मंत्री रहे. कुछ वक्त को निकाल दिया जाए तो साल 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश का ही कब्ज़ा है.नरेंद्र मोदी साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बनाए गए थे. उसके बाद वो पहली बार विधानसभा के लिए चुने गए थे. यानी मोदी के मुक़ाबले चुनावी राजनीति में नीतीश कुमार ज़्यादा अनुभवी हैं.साल 2002 नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे. उस समय राज्य के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगाई गई और उसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे. उस समय नीतीश कुमार केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे.

वरिष्ठ पत्रकार सुरूर अहमद याद करते हैं, च्नीतीश और मोदी के बीच पहली तल्ख़ी साल 2010 में आई थी. नीतीश ने पटना में गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भोज का आयोजन किया था, लेकिन अख़बार में छपी एक तस्वीर से नीतीश इतने नाराज़ हुए थे कि उन्होंने भोज रद्द कर दिया.जून 2010 में पटना में बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही थी, जिसमें नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे.उस वक़्त अख़बार में दिए गए एक विज्ञापन की तस्वीर में नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए दिखाया गया था.

कहा जाता है कि इस तस्वीर से नीतीश कुमार इतने नाराज़ हुए थे कि उन्होंने साल 2008 में कोसी बाढ़ राहत के तौर पर गुजरात सरकार से मिले 5 करोड़ रुपए भी लौटा दिए थे.साल 2009 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी देशभर में महज़ 116 सीटें जीत पाई थी. उस साल बिहार में एनडीए को 32 सीटों पर जीत मिली थी. इसमें जेडीयू ने 20 जबकि बीजेपी ने 12 सीटों पर जीत हासिल की थी.

साल 2010 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश जेडीयू को बिहार विधानसभा की 115 सीटों पर जीत दिलाने में सफल रहे थे. जबकि बीजेपी को भी 91 सीटों पर जीत मिली थी.नीतीश कुमार के नाम पर इस तरह की चुनावी सफलता के रिकॉर्ड को देखते हुए साल 2013 में बीजेपी के नेता सुशील मोदी तक ने नीतीश कुमार को पीएम मैटेरियल बताया था.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 132: डबडबाई आंखों से राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का किया कन्यादान

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु वशिष्ठ ने राजकुमारी सीता समेत उर्मिला, मांडवी और श्रुतकीर्ति को विवाह मंडप में बुलवाया। सीता जी के मस्तक पर कुमकुम की बिंदी है। प्रातः काल सूर्य की प्रारंभिक पूर्ण छवि जैसे वृत्ताकार, स्पष्ट लेकिन शीतल होती है और सारे जग को अंधेरे से निकलकर प्रथमतया आलोकित करती है, वैसा ही प्रकाश सीता जी के मस्तक पर उनकी बिंदी से फैल रहा है। माता सीता की आंखों में काजल है। दोनों हाथों में लाल रंगों की चूड़ियां और स्वर्ण कंगन हैं। उनकी नाक में नथ, केशों में सुंदर पुष्प वेणी, मस्तक पर सिर की ओर उठा हुआ बहुमूल्य रत्न का मांग टीका, कानों में स्वर्ण बालियां, हाथों में अलंकृत मेहंदी और बाजुओं में स्वर्ण बाजूबंद है । उनकी कमर में कणकती और पैरों में रजत बिछिया तथा पायल शोभित है । उनकी अंगुली में हीर अंगूठी और गले में कनक हार है। सौभाग्य की सिंदूरी साड़ी में माता सीता का अद्वितीय सौंदर्य बहुगुणित हो गया है।

सीता जी की ही तरह वस्त्रों और आभूषणों से अलंकृत उर्मिला, मांडवी और श्रुतकीर्ति ने भी विवाह मंडप में अपना आसन ग्रहण किया। श्री राम और सीता जी द्वारा उत्तरीय धारण करने के बाद महाराज दशरथ ने अक्षत पुष्प आदि सीता जी के वस्त्र में बांधकर, श्री राम के वस्त्र से उनका गठबंधन किया। कन्या पूजन के बाद कन्यादान की रस्म शुरू हुई।महाराज जनक के बाईं ओर महारानी सुनयना विराजमान हैं। जनक जी ने दूर्वा, चावल, पुष्प सुपारी और जल लेकर श्री राम के दाहिने हाथ में सीता जी का दाहिना हाथ रखते हुए कन्यादान किया। स्वस्ति कहते हुए श्री राम ने उन्हें स्वीकार किया।

त्रेता युग में आज पुनः श्री राम और सीता जी के रूप में ईश्वर का उनकी चेतना और शक्ति से मिलन हो रहा है।विवाह के अवसर पर श्री राम और सीता मिलकर संपूर्ण हो रहे हैं। पुरोहितों द्वारा स्वस्तिवाचन जारी है। प्रजा हर्षनाद कर रही है तथा जयघोष के नारों से विवाह मंडप गुंजित है। अन्य तीनों युगल जोड़ी का भी इसी तरह गठबंधन हुआ और कन्यादान के समय वातावरण भावुक हो गया।

राजा दशरथ डबडबाई आंखों से सीता जी की ओर देख रहे हैं। मानो कह रहे हों, ''क्या अब तुम सचमुच हमें छोड़ कर सदा के लिए चली जाओगी सीता? क्या मेरी दुलारी पुत्री पर अब मेरा कोई अधिकार नहीं रह जाएगा?''

सीता जी की आंखों में आंसू की दो बूंदें छलक उठीं। मानो वे पिता से कह रही हों, ''मैं सदा आपकी ही थी पिताजी और आपकी ही रहूंगी। यह धरती मुझे जनकनंदिनी सीता के नाम से ही जानेगी। मुझे मिले संस्कारों में आपके आशीर्वाद के रूप में आप सदैव मेरे साथ रहेंगे पिताजी।''


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -040

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 039 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## कहानी

# बहुत-बहुत कृपा डॉक्टर साहब!

प्रत्येक मनुष्य के जीवन में एक स्थायी भाव होता है। वह स्थायी भाव, किसी का फिकर नाट-मस्त मौलाना होता है तो किसी का भय, डर घबराहट का और बहुतों में क्रोध का हमारे कॉलेज के क्लर्क शैलेश वर्मा दूसरे प्रकार के प्राणी हैं। उन्हें जरा-जरा सी बात में घबराहट शुरू हो जाती है। यही कारण है कि उन्होंने ट्रांसफर के भय के कारण सरकारी नौकरी, स्वीकार न कर, प्रायवेट कॉलेज में साठ रूपये की क्लर्री करना मंजुर कर लिया। पर हाय रे समय का चक्र? इसे शैलेश का सौभाग्य कहें या दुर्भाग्य कि प्रायवेट कॉलेज को शासन ने टेक ओव्हर कर दिया और वे आखिर शासकीय कर्मचारी हो गयें और उन्हें फिर दो डर खाये जाने लगे-पहला ट्रांसफर का और दूसरा चुनाव ड्यूटी का। ट्रांसफर नहीं होने का अमयदान तो उनके अंकल, जो सेक्रेटेरियट में अधिकारी थे, ने दे दिया था कि उनके रहते तक भांजा तेरा ट्रांसफर नहीं होगा। पर चुनाव ड्यूटी .....? हे राम! जैसे ही इलेक्शन कमीशन से विधान सभा या लोकसभा के चुनाव की तिथि घोषित होती, उधर आचार संहिता लग जाती और इधर शैलेश के मनःमस्तिष्क और विचार में कँपकँपी शुरू हो जाती। वे सुबह-शाम संकट मोचन वीर हनुमानजी के मंदिर जाते। बार-बार प्रार्थना करते-''मुझे चुनाव संकट से उबार लेना संकट मोचन हनुमान जी! मेरी ड्यूटी मत लगवाना भगवन! ड्यूटी मत लगवाना। उनकी प्रर्थना हनुमानजी की कृपा से उनके पड़ोसी रामशरण ने सुन ली। ''उन्होंने सलाह दी-''शैल भाई। तुम इलेक्शन सुपरवाइजर से मिलो। वे ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जो तुम्हें चिन्तामुक्त कर सकते है।'' संकोची शैलेश वर्मा बहुत घबराते-घबराते सुपरवाइजर से मिलने चुनाव कार्यालय गये। सुपरवाइजर साहब अपने कक्ष में अकेले बैठे थे। शैलेश को अच्छा लगा। वे कुछ कहते कि सुपरवाइजर स्वयं बोल उठे-''अरे आप तो कॉलेज में हो न। ''शैलेश की घबराहट एकदम दूर हो गई। कुलक उठे-''जी....जी सर! मै शैलेश वर्मा हूं और मैं...।''सुपरवाइजर आराम से पैर फैलाकर बोले-''भैया! देखो! मेरा लड़का सुनील.....सुनील गुप्ता बीएससी फायनल में पढ़ता है। उसको जरा लायब्रेरी से साइन्स की किताबें दिलवा देना। उसका भला करना! हाँ! आप कैसे आय?'' शैलेश ने अपनी घबराहट बताई तो गुप्ता साहब ने तुरंत खड़े होकर उनके कंधे पर हाथ रखकर बड़े स्नेह से कहा-''मेरे रहते तक आपकी चुनाव ड्यूटी नहीं लगेगी। आप बेफिकर होकर घर जाइए। हाँ! कल सुनील कॉलेज में आपसे मिलेगा।'' शैलेश कृतकृत्य हो गये। गुप्ता साहब के प्रति कृतलता ज्ञापित कर एक फिल्मी गाना-'किये जा तू जग में भलाई का काम, तेरे दुःख दूर करेंगे राम।' गुनगुनाते हुए घर आकर निश्चिन्त मन सो गये थे और सपनों के सुखद संसार में खो गये थे।''

पर यह सब तो पहले की बातें हैं। अब तो गुप्ता साहब पता नहीं कहाँ ट्रांसफर के बाद चले गये और उनका लड़का सुनील जाने किस कॉलेज में पढ़ रहा हैं? अब जो सुपरवाइजर आये हैं कहते हैं वे बड़े स्ट्रिक्ट हैं। खोज-खोज कर चुनाव ड्यूटी लगाते हैं। फिर तो शैलेश वर्मा जी भी सपड़ में आ गये और उनकी ड्यूटी किसी दूर गांव में लगा दी गई। मारे डर, भय और घबराहट के उनके हाथ-पाँव फूल गये। पैरों में सनसनाहट होने लगी, हाथ कापने लगे, हाथमें रखी कलम भी कांपने लगी। गुप्ता साहब! आप कहाँ चले गये? अब कौन मुझे इस ड्यूटी से बचाएगा? अपने शहर से मै कभी बाहर नहीं गया, कभी शादी-वादी में गया भी तो रात वापस घर आ गया। अब कैसे गांव में दो-तीन दिन रहूंगा? और सब काम तो किसी तरह निपटा लूंगा पर सबेरे का नित्य कर्म....? मैं कहाँ फारिग होने जाऊंगा? मुझे दूसरी जगह जाने की आदत नहीं है। अपने घर में ही पेट ठीक रहता है। दूसरे फिकटनाट टाइप के लोग मेरी यह समस्या सुनेंगे, तो हसेंगे। वे कैसे समझे मेरे अर्न्तमन की चिन्ता-परेशानी। कल सबेरे बड़ी मंडी में चुनावी सामान लेने जाना है फिर बस की भीड़ में तरह-तरह की सामग्री से लदे-फँदे गांव जाना है। पता नहीं गांव कैसा होगा? लोग कैसे होंगे? चिन्तातर हो गए। पानी पीने रसोई घर आ गये। चुनाव के ग्रहण का सूतक पैरों में कंपकंपी के रूप में शुरू हो गया था। रसोई घर के आकर्षक चिकने टाइल्स पर फैला पानी उन्हें दिखाई न पड़ा। वे आगे बढ़े और ऐसे फिसले कि एक जोर की आवाज आई-''धड़ाम''। फिर तो पत्नी दौड़ी, भाभी दौड़ी, भाई दौड़े कि अचानक ये आवाज कैसी? देखा-शैलेश भैया उठ नहीं पा रहे हैं। वे कराहते हुए बोले-''बाँए पैर में खूब दर्द हो रहा है। लगता है ऐंड़ी फ्रेक्कर हो गया है। सब लोगों ने उन्हे चारों तरफ से पकड़ कर बड़ी मुश्किल से पलंग पर लिटाया। पड़ोसी रामशरण डॉक्टर....... हड्डी स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाने पहले ही बाइक से जा चुके थे। डॉक्टर खान आए। कई तरह से जॉच कर उन्होंने कहां-''खुदा का शुक्र है कि फैक्कर नहीं हुआ। अच्छा हुआ कि मोंच आई है पर देखो, जबर्दस्त मोंच अब आपको टू वीक्स कम्प्लीट रेस्ट करना है, मीन्स चलना-फिरना नहीं। ''शैलेश ने कहना चाहा-'पर कल सबेरे एलेक्श्न ड्यूटी ........।' डॉक्टर साहब बीच में ही बोल उठे- उसकी फिकर आप न करें। बड़ भैया को में मेडिकल सर्टिफिकेट दे दूंगा।'' शैलेश ने हाथ जोड़कर कहां-''बहुत-बहुत कृपा डॉक्टर साहब। मैं आपको प्रणाम करता हूं।



**गिरीश बख्शी**

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आज आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। आज आप किसी से बात करते वक्त संयम रखें। अगर आप कोई बिजनेस करते हैं, तो उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचना चाहिए।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज उच्च वर्ग के लोगों से आपका संपर्क जुड़ेगा। आज किसी मित्र से कॉल पर बात होगी, पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी।

**धनु**
आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी लगाव बढ़ेगा।

**मकर**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे।

**कुंभ**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपडा व्यापारियों को आज अच्छा धन लाभ होगा।

**मीन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही द्द्वद्ध पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थिति पहले से अनुकूल बनेगी।

## कविता

### // जगह //

किसी अंक के बाई ओर
शून्य का होना
महत्वहीन होता है,
शून्य के होने या न होने से
उस अंक को कोई फर्क नहीं पड़ता,
परन्तु
शून्य के दाई ओर होने पर
उस अंक का बढ़ जाता है
मान दस गुना,
और शून्य को मिल जाता है
स्वयं का अस्तित्व व सम्मान।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.

# बालोद जिले में मतदान का प्रतिशत 74.19 प्रतिशत रहा

बालोद (दावा)। लोकसभा का आम निर्वाचन बालोद जिले में मतदान सफलतापूर्वक वह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालोद जिले में आज सम्पन्न मतदान के लिए जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शहर बालोद के वार्ड नंबर 10 की वृद्धि महिला खम्भा बाई भाई सांखला उम्र 98 वर्ष एवं कैंसर से पीड़ित नियाज मलिक ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीँ बालोद जिला प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चैबंद व्यवस्था के फलस्वरूप जिले में जनधन की हानि के तथा बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के संजारी बालोंद विधानसभा क्षेत्र में 74.12, डोंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 74.54 गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में 73.95 प्रतिशत मतदान हुआ, इस प्रकार जिले में 74.19 प्रतिशत मतदान हुआ।

विदित हो की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले में बेहतर मतदान सुनिश्चित कराने हेतु निरंतर जिले के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि आज संपन्न मतदान के अंतर्गत जिले के मतदाताओं को उनके मतधिकार की जानकारी देने तथा मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिले के मतदान केंद्रों को विभिन्न स्वरूपों में सुसज्जित किया गया था। जो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बना। इस चुनाव में महत्वपूर्ण बात यह रही कि जिले के बड़ी संख्या में नवविवाहिता एवं वर-वधू द्वारा अपने मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मतदान का प्रयोग किया। इस दौरान वर वधुओं ने अपने मताधिकार के महत्व को जानते हुए अपने शादी समारोह के बीच सर्वप्रथम अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात वे अपने शादी की रस्म को पूरा करने विवाह मंडप में उपस्थित हुए।



o सबसे वृद्ध महिला खम्बा बाई सांखला व कैंसर बीमारी से पीड़ित महिला नियाज़ मालिक ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग

उल्लेखनीय है कि इस लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले के बड़ी संख्या में वर वधुओं ने अपने मताधिकर के प्रयोग कर बारात का प्रस्थान किया। जो कि उनमें अपने मताधिकर की महत्व की जानकारी तथा लोकतंत्र में उनकी अटूट आस्था को प्रदर्शित करता है। इस चुनाव में बालोद जिला प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र तक आने जाने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने हेतु पुख्ता व्यवस्था की गई थी। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग रथ की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इस सुविधा का लाभ लेने वाले मतदाताओं का पंजीयन किया गया था। जिसके अंतर्गत इस सुविधा का लाभ लेने के लिए 1950 नंबर में डायल कर पंजीयन कराने वाले 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं को उनके घर से मतदान केंद्र तक आने-जाने हेतु वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी।

इस सुविधा का बालोद जिले में अच्छा प्रतिसाद भी मिला। इसके माध्यम से जिले के बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक आने जाने हेतु वाहन की सुविधा कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक तथा वेटिंग रूम आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा मतदान केंद्रों में पहुंचने वाले मतदाताओं का तिलक लगाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी मिलने पर जिले के मतदान कर्मी बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साहित नजर आ रहे थे। इसके अलावा दिव्यांग मतदान कर्मी भी निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य को संपन्न कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्य में जुटे हुए थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके लिए उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# भाजपाईयों ने सीएमओ पर कांग्रेसी एजेंट होने का लगाया आरोप



छुरिया (दावा)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बनाए गए तीन बूथों में अंतिम समय शाम 6 बजे के बाद मतदान करने पहुंचे एक युवा मतदाता को निर्वाचन अधिकारी एवं नगर पंचायत सीएमओ ने मतदान केन्द्र के भीतर भेजे जाने का विरोध करते हुए भाजपाईयों ने सीएमओ पर कांग्रेस का एजेंट होने का आरोप लगाया है। उनके विरोध के बाद उक्त युवक को सीएमओ ने मतदान का समय सीमा समाप्त होने पर उसे वापस बुलाकर बैरंग लौटाया है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस ने छुरिया के तीन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को अपने-अपने घोषणा पत्र के वायदे अनुसार लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने सुबह से शाम तक मतदान केन्द्रों में डटे रहे । शाम 6 बजते ही मतदान की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी, उसके बाद भी एक युवक को निर्वाचन अधिकारी एवं नगर पंचायत सीएमओ ने मतदान करने के लिए परिसर भीतर दाखिल कर दिया था जिसको देखते हुए भाजपाईयों ने इसका कड़ा विरोध दर्ज किया।

नगर पंचायत सीएमओ पर कांग्रेस का एजेंट होने का गंभीर आरोप लगाते हुए सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह भाटिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा, प्रिंस भाटिया, स्वपनिल पटेल, रवि यदु, ने कहा कि मतदान का समय समाप्त होने के बाद भी सीएमओ द्वारा उसे मतदान करने भेजना नियम विरूद्ध है। भाजपाईयों के विरोध के बाद सीएमओ ने उक्त युवक को मतदान का समय समाप्त होने पर उसे वापस बुलाकर बैरंग लौटाया। तब जाकर भाजपाईयों का गुस्सा शांत हुआ।

## मतदान....




खैरागढ़ (दावा)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने गृह ग्राम सहसपुर में मतदान किया।

# खैरागढ़ कलेक्टर ने पत्नी संग डाला वोट, खुशी जाहिर करते हुए मतदाताओं से की अपील

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान हुआ। मतदान केंद्र पर सुबह से मतदाताओं की लंबी कतारें दिखी। मतदान करने के लिए बुजुर्ग, युवा और दिव्यांग बहुत उत्साह दिखे। मतदाताओं के लिए कई मॉर्डन पोलिंग स्टेशन बनाए गए थे, जिनमें विशेष बंदोबस्त किए गए थे।

लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 06 राजनांदगांव के विधानसभा क्षेत्रों 73 खैरागढ़ में वोटिंग की प्रकिया चल रही है। मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। आम लोगों के साथ ही कलेक्टर, अधिकारीयों व एसपी में भी भारी उत्साह देखने को मिले। इस दौरान खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने भी अपना वोट डाला।

बता दें कि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अपनी पत्नी सुधा वर्मा के साथ खैरागढ़ विधानसभा के बूथ क्रमांक 222 प्रायोगिक शाला में लाइन में लगकर मतदान किया। साथ ही मतदाताओं की उत्सुकता को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर किया है और लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि, मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए सभी मतदान केंद्र में सुविधाओं को सुनिश्चित किया गया है। अधिकारियों ने बताया की मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए आ रहे हैं और जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं।





**0 आम नागरिकों के साथ साथ कलेक्टर, अधिकारियों व एसपी में भी भारी उत्साह देखने को मिला,**
**0 जिले में मतदान करने पहुंचे बुजुर्ग और दिव्यांग, कहा-वोट देकर कर्तव्य का पालन करें**

### मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में निभाएं भागीदारी- कलेक्टर चंद्रकात वर्मा

जिला कलक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत जिले में मतदान दिवस शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने की अपील की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि आज मतदाताओं की सुविधा के लिए जिले भर के मतदान केन्द्रों पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। मतदान केन्द्रों पर महिला, वृद्ध व युवा, दिव्यांग मतदाताओं के लिए अलग बूथों के साथ ही अलग अलग कतार की व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर, मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयंसेवक एवं मतदान केन्द्रों पर रैम्प, पेयजल, रोशनी व शौचालय आदि व्यवस्था की गई है।

### दिव्यांग एवं बुजुर्गो ने भी किया मतदान

दिव्यांग पोलिंग बूथ पर मतदान करने के बाद ब्रम्हा निषाद का कहना है कि मैं दिव्यांग होने के बावजूद भी आज इतनी गर्मी में मतदान करने पहुंचा हूं। हम चाहते हैं कि जो भी सरकार बने वह बदलाव लाए और वह हम जैसे लोगों का सहारा बने और हमें रोजगार दे ताकि हम भी कुछ कर सकें। ब्रम्हा ने मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में बाहर निकलकर वोटिंग करने की अपील की।

वोट देने पहुंची 85 साल की ललिता ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। हमें ऐसी सरकार चुननी चाहिए जो बदलाव लाए। गरीबों की बात सुने। खुशहाली लाने के लिए काम करे। वहीं, पहली बार वोट देने पहुंची अर्चना वर्मा ने कहा कि सभी को मतदान करना चाहिए। हम चाहते हैं क्षेत्र का विकास हो। शिक्षा के क्षेत्र में काम हो।

# छुरिया में 75 प्रतिशत मतदान, मतदाताओं में दिखा जमकर उत्साह



छुरिया (दावा)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल को हुए मतदान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । विशेष कर पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले नए मतदाताओं में खासा उत्साह का माहौल रहा। मतदान केन्द्रों में बनाए गए सेल्फी जोन में भी अपनी फोटो खींचाकर उसे वायरल करने की होड़ सी लगी रही। शादी में दूल्हा-दुल्हन बने जोड़ों ने भी बारात में जाने के पहले मतदान कर अपने जागरूक नागरिक होने का परिचय और मतदान का संदेश दिया। छुरिया सहित वनांचल क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हो गया।

छुरिया में स्वामी आत्मानंद विद्यालय में तीन बूथ केन्द्रों को निर्वाचन आयोग ने आकर्षक रूप से सजावट किया था। वहीं सेल्फी जोन पर युवा मतदाताओं, महिलाओं ने मतदान कर सेल्फी जोन लिया। छुरिया के तीन बूथ क्रमांक 33, 34 एवं 35 में लगभग में तीन हजार मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपना वोट डाला। यहां पर लगभग 75 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। वहीं अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों में भी शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। देर रात तक सभी पोलिंग पार्टियों का दल सुरक्षित लौट गए।

### 105 वर्ष बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

नगर पंचायत छुरिया की सबसे बुजुर्ग महिला मणी बेन पटेल ने भी मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला।

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के साथ स्वामी आत्मांनद विद्यालय के तीन बूथों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर जायजा लिया।

# लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गो का हौसला, जवान, युवाओं में उत्साह - विष्णु लोधी

**विष्णु लोधी ने अपने पैतृक ग्राम पुरैना में किया मतदान**



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष, लोधी पेट्रोलियम, लोधी ट्रेवल्स के संचालक विष्णु लोधी ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में अपने पैतृक ग्राम पुरैना में सपरिवार मतदान करने पहुंचे। मतदान करने वालो में परिवार के प्रमुख रूप से उनके साथ पिता सीपर राम लोधी, माता अभन लोधी, भाई ईश्वर, कमल, नारद व भाभीयों एवं भतीजों ने भी मतदान किया।

विष्णु लोधी ने कहा बुजुर्ग, युवा व महिलाएं सभी वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सुबह सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। पोलिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतार लग गई। कोई अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचा तो कोई दोस्तों के साथ। मतदान को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का हौसला जवान दिखा। दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

# शहर में भाजपा को मिलेगी 7 हजार की बढ़त - अग्रवाल



डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा निर्वाचन में मतदान के दौरान दिखे रुझान के बाद, भाजपा नेताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को शहर से मिलने वाली बढ़त में बढ़ोतरी का दावा किया है। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि, कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाजपा के मुकाबले शहर से 7 हजार से अधिक मतों से पीछे रहेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया सहित अन्य भाजपा नेताओं ने कहा है कि, शहर भाजपा मय हो गया है, सर्वत्र मोदी जी का आकर्षण मतदाताओं के बीच बना हुआ है। भ्रामक समाचार फैलाने वाले कामयाब नहीं होंगे। डोंगरगढ शहर से पिछले विधानसभा चुनाव से जीत का प्रतिशत ज्यादा ही रहेगा। ऐसा रुझान को देखने से लग रहा है।

# केसीजी जिले में लगभग 78 फीसदी मतदान, बुजुर्ग, युवाओं सहित महिला पुरुष मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक किया मतदान

**0 जिले में चुनाव आयोग की निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान**
**0 मैदानी इलाकों से लेकर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी जमकर पड़े वोट**
**0 लोकतंत्र के महापर्व में आहुति देने सुबह 7 बजे से कतारबद्ध दिखे मतदाता**
**0 शाम 5 बजे तक जिले में कुल 75.55 प्रतिशत हुआ मतदान**
**0 जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में किए गए थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**









खैरागढ़ (दावा)। लोकतंत्र के महापर्व में अपना नया सांसद चुनने खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिले में लगभग 78 फ़ीसदी मतदान की खबर मिल रही है,हालांकि नक्सल प्रभावित इलाकों के आंकड़े अभी पूरी तरह प्राप्त नहीं हुए हैं, पोलिंग पार्टियों के आने के बाद इन आंकड़ों में कुछ कमतर रद्दो-बदल हो सकता है। जिले में मतदान को लेकर बुजुर्ग, युवाओं, दिव्यांगों सहित हर वर्ग समुदाय व आयु वर्ग के महिला-पुरुष मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में शिरकत की है,वहीं जिले में चुनाव आयोग की सतत निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान का कार्य संपन्न हुआ है। कुछ एक स्थानों पर एव्हीएम-व्हीव्हीपैड मैं तकनीकी खराबी की खबर है जिसे समय रहते ही सुधार लिया गया।

### जिले के मैदानी इलाकों से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

केसीजी जिले के मैदानी इलाकों से लेकर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं ने खासा उत्साह दिखाया हैं. लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी आहुति देने सुबह 7 बजे से मतदाता पोलिंग बूथ में कतारबद्ध नजर आये और देर शाम तक मतदान का कार्य निर्विघ्न और शांतिपूर्ण चलता रहा। मतदान में भागीदारी को लेकर युवाओं, महिलाओं सहित बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। मतदाताओं ने घर से निकलकर मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और बिना किसी भय और आवेग के मतदान किया। एक और जहां देर शाम तक मैदानी इलाकों में मतदान की प्रक्रिया चलती रही वहीं नक्सल प्रभावित इलाके में दोपहर 3 बजे तक लगभग मतदान संपन्न हो चुका था।

### जिले के सबसे दूरस्थ ग्राम में हुआ 88 फीसदी से अधिक मतदान

मध्यप्रदेश की सीमा से लगे जिले के अंतिम छोर पर स्थित नक्सल प्रभावित अंतिम ग्राम कटेमा-घाघरा में दोपहर 2.15 बजे तक 88.78 प्रतिशत मतदान हो गया था।।यहाँ कुल 107 मतदाताओं में 95 मतदाताओं ने मतदान कर लिया था इनमें 19 मत घाघरा और 88 कटेमा के हैं. ग्राम कटेमा जिले का सबसे दूरस्थ एवं गंभीर नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता रहा है जो महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है और यह इलाका नक्सलियों का हार्डकोर क्षेत्र माना जाता रहा है।

### गातापार जंगल में व्हीव्हीपैड में आयी तकनीकी खराबी

मतदान के दौरान जिले के कुछ एक स्थानों से इव्हीएम-व्हीव्हीपैड मशीन में तकनीकी खराबी की खबर मिली। बूथ क्र.37 गातापार जंगल में सुबह 7 बजे पहला मत डाले जाने के बाद व्हीव्हीपैड में तकनीकी खराबी आ गई और शिकायत के बाद फिर से व्हीव्हीपैड को बदलकर मतदान की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया।।इस दौरान लगभग 40 मिनट तक मतदान बाधित रहा जिसके कारण यहाँ ग्राम गातापार जंगल सहित ग्राम सांकरी, लिमऊटोला व दूरस्थ ग्राम मलईदा के मतदाताओं को मतदान के लिए इंतजार करना पड़ा।

### जिले में लगभग 78 फ़ीसदी मतदान का अनुमान

जिले में लगभग 78 फ़ीसदी मतदान का अनुमान है. जिले में मतदान को लेकर शाम 5 बजे तक खैरागढ़ विधानसभा में 75.25 प्रतिशत और डोंगरगढ़ (आंशिक) विधानसभा में 76.48 प्रतिशत कुल 75.55 प्रतिशत मतदान हो चुका था. चुनाव आयोग की जानकारी के मुताबिक दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित इलाकों से पोलिंग पार्टियों के लौटने के बाद संपूर्ण मतदान के वास्तविक आंकड़े मिल पाएंगे।

# पहला कॉलम...

## सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/10एबी भरने की समय सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम के तहत ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों द्वारा फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। ट्रस्ट, संस्थान और फंड फॉर्म 10ए भरकर पंजीकरण कराते हैं जबकि फॉर्म 10एबी का इस्तेमाल पंजीकरण के रिन्युअल के लिए किया जाता है।

इससे पहले भी सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी थी। सीबीडीटी ने स्पष्ट किया कि विस्तारित तिथि उन मामलों में भी लागू होती है जहां कोई मौजूदा ट्रस्ट, संस्थान या फंड विस्तारित नियत तिथि के भीतर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए फॉर्म 10ए दाखिल करने में विफल रहा, और बाद में, एक नई इकाई के रूप में प्रोविजनल पंजीकरण के लिए आवेदन किया और फॉर्म 10एसी प्राप्त किया। ये ट्रस्ट अब फॉर्म 10एसी सरेंडर कर 30 जून तक फॉर्म 10ए भरकर मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके रिन्युअल के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून की समय सीमा के भीतर फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन जमा कर सकते हैं। फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी के अनुसार आवेदन आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दाखिल किए जाएंगे।

## अनंत-राधिका का होगा दूसरा प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन



नई दिल्ली। भारत के दिग्गज कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन का सेलिब्रेशन 28 से 30 मई के बीच होगा. भास्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, अनंत अंबानी के दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन का आयोजन फ्रांस के समुद्र में एक शानदार क्रूज शिप पर होने वाला है. अनंत और राधिका 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे. अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन बेहद प्राइवेट रखा जाएगा. इसमें अंबानी फैमिली से जुड़े बेहद खास लोग ही शामिल होंगे. इस प्री-वेडिंग फंक्शन में सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान शामिल हो सकते हैं. इसके अलावा कपूर फैमिली से आलिया भट्ट भी शामिल हो सकती हैं. ध्यान देने वाली बात ये है कि आकाश अंबानी, रणबीर कपूर के बहुत अच्छे दोस्त हैं. इस फंक्शन में बच्चन फैमिली भी शामिल हो सकती है. साउथ फ्रांस अपनी बेशुमार खूबसूरती और सुंदर नीले समुद्र के लिए पूरे विश्व में फेमस है. यहां का क्रूज टूरिज्म पूरी दुनिया में बेहद फेमस है. विश्व भर से लोग यहां क्रूज पर पार्टी करने आते हैं. अंबानी फैमली ने गुजरात के जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का पहला प्री-वेडिंग फंक्शन रखा था.

## पतंजलि फूड्स अब डेंटल, होम और पर्सनल केयर कारोबार में करेगी एंट्री

नई दिल्ली। पतंजलि फूड्स अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए कारोबार में एंट्री का ऐलान किया है। मुख्य रूप से खाद्य तेल कारोबार से जुड़ी कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने कहा कि वह प्रमोटर ग्रुप पतंजलि आयुर्वेद के गैर-खाद्य कारोबार का अधिग्रहण करने के प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी। हालांकि कंपनी ने गैर-खाद्य उत्पादों की उन श्रेणियों का उल्लेख नहीं किया है जिनका वह अधिग्रहण करने के बारे में सोच रही है। लेकिन सूत्रों ने कहा कि वह दांतों की देखभाल, घरेलू देखभाल, व्यक्तिगत देखभाल श्रेणियों के उत्पाद हासिल करने पर विचार करेगी। बाबा रामदेव की अगुवाई वाले प्रमोटर ग्रुप के कुल कारोबार में इन उत्पादों की हिस्सेदारी 50-60 प्रतिशत है। पतंजलि फूड्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गैर-खाद्य व्यवसाय उपक्रम की बिक्री के लिए पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से मिले शुरुआती प्रस्ताव पर चर्चा की है।

# प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंचा राजस्थान, सैमसन ने खेली कप्तानी पारी, जुरेल ने भी जड़ा पचासा



लखनऊ। राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल की शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से लखनऊ सुपरजाएंट्स को उसी के होम ग्राउंड पर सात विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सैमसन और जुरेल ने तीसरे विकेट के लिए 121 रनों की अविजित साझेदारी की जिसके दम पर राजस्थान ने नौ मैचों में आठवीं जीत दर्ज की। राजस्थान की टीम इस जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंच गई है और उसका नॉकआउट में पहुंचना लगभग तय हो गया है।

लखनऊ सुपरजाएंट्स ने कप्तान केएल राहुल के 48 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रन और दीपक हुड्डा के 31 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 50 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रनों का स्कोर बनाया। जवाव में राजस्थान के लिए सैमसन ने 33 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों के दम पर नाबाद 71 और जुरेल ने 34 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे नाबाद 52 रन की पारी खेली जिसके मदद से राजस्थान ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की।

### शीर्ष पर बरकरार राजस्थान

इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम प्लेऑफ के काफी करीब पहुंच गई है। राजस्थान नौ मैचों में आठ जीत और एक हार के साथ 16 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि मुकाबला हारने के बाद केएल राहुल की अगुआई वाली टीम पांच जीत के साथ चौथे स्थान पर है।

### यशस्वी-बटलर ने दिलाई मजबूत शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान को यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। पिछले मैच में शतक जमाने वाले यशस्वी अच्छी लय में नजर आए और उनका बटलर ने दूसरे छोर से बखूबी साथ निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने 35 गेंदों पर 60 रन जोड़ लिए थे, लेकिन पावरप्ले खत्म होने से एक गेंद पहले ही यश ठाकुर ने बटलर को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। बटलर 18 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके दो गेंद बाद ही मार्कस स्टोइनिस ने यशस्वी को आउट किया। यशस्वी 18 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के के सहारे 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे रियान पराग अमित मिश्रा की गेंद पर गैर-जिम्मेदाराना शॉट खेल तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे। पराग ने 11 गेंदों पर एक छक्के की मदद से 14 रन बनाए।

## पर्यटकों के लिए 1 मई से बंद होगा धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



धर्मशाला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की तैयारियों के चलते धर्मशाला स्टेडियम में 1 मई से पर्यटकों का प्रवेश रहेगा। अब मैचों के बाद ही बाहरी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले पर्यटकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। धर्मशाला स्टेडियम में 5 और 9 मई को आईपीएल मैच खेले जाने हैं। 5 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच मैच खेला जाएगा। 9 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और रॉयल चैलेंजर बंगलुरू की भिड़ंत होगी। पंजाब और चेन्नई की टीमें तीन मई को धर्मशाला पहुंच जाएंगी। टीमों के ठहरने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से रेडिसन ब्लू होटल में व्यवस्था की गई है।

एचपीसीए की ओर से स्टेडियम में चल रहे कामों को भी दो मई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्टेडियम के स्टैंडों की साफ-सफाई की जा रही है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि तैयारियों में किसी तरह की रुकावट न आए, इसलिए पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक मई से स्टेडियम में पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, ताकि मैचों की तैयारियों में किसी प्रकार की दिक्कत पेश न आए। दस मई के बाद ही स्टेडियम में पर्यटकों और आम लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। स्टेडियम देखने वाले पर्यटक एचपीसीए की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं।

## उबेर कप : अश्मिता, प्रिया-श्रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई




चेंगदू (चीन), 27 अप्रैल। अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चैंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26-24, 24-22 से हराया।

प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21-12, 21-10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2-0 की बढ़त दिला दी।

महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी।

## चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की पहली पनडुब्बी लांच की

इस्लामाबाद। चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली लांच की है। वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआइजी) शुआंगलिउ बेस पर शुक्रवार को आयोजित लांच समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। आठ में से चार पनडुब्बी का निर्माण डब्ल्यूएसआइजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग व?र्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत तकनीक से लैस इन पनडुब्बियों को खतरनाक वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

# भारत में बंद होगा व्हाट्सएप !




नई दिल्ली । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप भारत में अपनी सेवा बंद कर सकती है। मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग एप व्हाट्सएप के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने भारत में अपनी सेवा बंद करने की धमकी दी है। वॉट्सऐप ने कहा है कि अगर उसे एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, तो वह भारत में अपना काम बंद कर देगा और यहां से चला जाएगा।

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप की तरफ से पेश वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट में ये दलील रखी है। दरअसल, व्हाट्सएप और इसकी पैरेंट कंपनी मेटा ने 2021 में देश में लाए गए इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) नियमों को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट में गुरुवार (25 अप्रैल) को दोनों की याचिकाओं पर सुनवाई हुई। व्हाट्सएप की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि व्हाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोगों को इसकी प्राइवेसी पर भरोसा है। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। अगर भारत सरकार ने एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया तो हमें देश छोड़ना होगा।

### क्या होता है एन्क्रिप्शन?

व्हाट्सएप अपने मैसेज प्लेटफॉर्म के लिए एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है। आसान भाषा में कहें तो अगर कोई व्यक्ति किसी अन्य शख्स को मैसेज भेजता है या फिर उसका मैसेज रिसीव करता है, तो ये जानकारी सिर्फ उन दोनों के पास ही रहती है। कोई भी तीसरा व्यक्ति दो लोगों के बीच हुए मैसेज को पढ़ या सुन नहीं सकता है। ये वॉट्सऐप समेत कई मैसेजिंग एप्स के सबसे जरूरी फीचर हैं।

# पंजाब किंग्स ने सबसे बड़ा स्कोर चेज कर रचा इतिहास



कोलकाता। पंजाब किंग्स ने इतिहास रच दिया है. उसने आईपीएल के 17वें सीजन में सबसे बड़े स्कोर को चेज किया है. पंजाब के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर तय ओवर से पहले बना लिया. पंजाब ने 262 रन के लक्ष्य को मात्र 18.4 ओवर में बना लिया. मैच में जीत होने से पहले आठ गेंद बाकी रह गई. आईपीएल के इतिहास में 262 के स्कोर का पीछा करने में सफलता हासिल की. इससे पहले आईपीएल 2020 में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 226 रन को चेज किया था. पंजाब के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन का लक्ष्य रखा था.

इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 18.4 ओवर में 2 विकेट खोकर पर 262 रन का स्कोर बना लिया. पंजाब किग्स के चारों बल्लेबाजों ने कमाल की पारी खेली. जॉनी बेयरस्टो 48 गेंद पर 108 और शशांक सिंह 28 गेंद पर 68 रन बनाकर अंत तक खेलते रहे. प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद पर 54 रन का स्कोर बनाया. राइली रूसो ने 16 गेंदों पर 26 रन की पारी खेली. इस हार के बाद के कोलकाता के 8 मैच में 10 अंक बन गए हैं.

## नेथ्रा कुमानन ने नौकायन में भारत का दूसरा पेरिस 2024 कोटा हासिल किया



हायरेस। भारत की नेथ्रा कुमानन ने फ्रांस में आईएलसीए 6 श्रेणी में लास्ट चांस रेगाटा के पांचवें दिन पांचवें स्थान पर रहने के बाद नौकायन में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया। नेथ्रा ने 69 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रही।

नेथ्रा ने ईएनपी (इमर्जिंग नेशन प्रोग्राम कोटा) जीता जो शीर्ष 3 के बाद सर्वश्रेष्ठ ईएनपी नाविक को दिया जाता है। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में विश्व चैम्पियनशिप 2024 में विष्णु सरवनन द्वारा नौकायन में देश का पहला पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद, नौकायन में भारत के लिए यह दूसरा ओलंपिक कोटा होगा। 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए ओलंपिक क्वालीफायर इवेंट में सीधे नौकायन में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला बनने के बाद नेथ्रा के लिए यह लगातार दूसरा ओलंपिक होगा। अपने पहले ओलंपिक में, वह 44 प्रतिभागियों में से 35वें स्थान पर रहीं।

## प्रथम पेज का शेष

*'लोकसभा चुनाव में एनडीए....*

दक्षिण भारत को तोड़कर अलग देश बनाने की मांग- कर्नाटक और तमिलनाडु में आइएनडीआइए के लोग दक्षिण भारत को तोड़कर अलग देश बनाने की मांग कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले दक्षिण भारत के कुछ नेताओं द्वारा कही गई इन बातों को महाराष्ट्र की भावनाओं से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा अपने राज्याभिषेक समारोह के अवसर पर की गई इस घोषणा को उद्धृत किया कि 'अहद तंजावर, तहद पेशावर, अवघा मुलुख आपला।' अर्थात तंजावुर से पेशावर तक पूरा देश अपना है। उन्होंने सवाल किया कि जिस धरती पर छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह घोषणा की हो, क्या वहां के लोग आइएनडीआइए के मंसूबे को पूरा होने देंगे? बता दें कि यह वर्ष छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का 350वां वर्ष भी है। ओबीसी समाज लंबे समय से भाजपा का मतदाता- प्रधानमंत्री ने राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अयोध्या का अंसारी परिवार राम जन्मभूमि के विरोध में लंबे समय तक मुकदमा लड़ता रहा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद वह अंसारी भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस के लोग राम मंदिर के ट्रस्टियों द्वारा घर जाकर निमंत्रण देने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आए। उन्होंने सवाल किया कि जो इस प्रकार भगवान राम को ठुकराएगा, उसका आप क्या करेंगे? महाराष्ट्र में ओबीसी समाज लंबे समय से भाजपा का मतदाता रहा है।

मुस्लिमों को ओबीसी कोटे में आरक्षण?- संभवतः इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कर्नाटक सरकार द्वारा मुस्लिमों को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने के फैसले का उल्लेख दोहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने इस कर्नाटक माडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि 2012 में आइएनडीआइए की सरकार ने यह कोशिश की थी।

*नशीली दवा बनाने वाली गुप्त ...*

उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन दवाओं के वितरण नेटवर्क, राष्ट्रीय और साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय लिंकेज को ट्रैक करने और पहचानने का प्रयास भी किया जा रहा है। मेफेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफेड्रोन के नाम से भी जाना जाता है, एम्फ़ैटेमिन और कैथिनोन वर्गों की एक सिंथेटिक उत्तेजक दवा है। इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, 'म्याऊ म्याऊ' और बबल के नाम से भी जाना जाता है।

*उत्तराखंड के जंगलों में आग ...*

वन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल में 8.30 लाख का नुकसान हुआ है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आग की 31 घटनायें सामने आयीं। इस दौरान कुमाऊं मंडल में 24 घटनायें दर्ज की गयीं। यहां भी सबसे अधिक आरक्षित वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। नैनीताल में कल देर शाम को पाइंस क्षेत्र में वनाग्नि ने भीषण रूप ले लिया। आग लड़ियाकांटा क्षेत्र में एयर फोर्स स्टेशन तक पहुंच गयी। स्टेशन को बचाने के लिये केन्द्र सरकार से मदद की गुहार लगायी गयी। केन्द्र सरकार से नौ सेना के हेलीकॉप्टर की मांग की गयी। केन्द्र सरकार की ओर से नौ सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर को कल ही मौके पर भेज दिया गया। आज दिन भर हेलीकाप्टर आग बुझाने में जुटा रहा। उसने भीमताल से पानी भरने के लिये कई चक्कर लगाये। दूसरी ओर सरकार भी वनाग्नि की घटनाओं से हलकान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज शाम हल्द्वानी में एक बैठक बुलाई है। दूसरी ओर से कुमाऊं आयुक्त ने मंडल में आग लगाने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद कुमाऊं में तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किये गये हैं।

*भुवनेश्वर साहू हत्याकांड की जांच....*

मतदान के लगभग 10 दिन पहले सीबीआइ की टीम का ग्राम बिरनपुर पहुंचना कहीं ना कहीं राजनीतिक रंग की ओर इशारा अवश्य ही कर रही है। क्या था बिरनपुर मामला- आठ अप्रैल 2023 को साजा विधानसभा के अंतर्गत बिरनपुर गांव में दो बच्चों के बीच हुए विवाद देखते ही देखते दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प में तब्दील हो गया । इसमें गांव के युवक भुवनेश्वर साहू की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद विश्व हिन्दू परिषद ने 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया, जिससे यह मामला और गरमा गया। बिरनपुर गांव में आगजनी की भी घटना हुई। इस घटना के ठीक तीन दिन बाद 11 अप्रैल को बिरनपुर गांव के ही दो और लोगों के शव बिरनपुर खार में मिले। उसी समय बिरनपुर हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग उठी थी। किंतु प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लेते हुए सीबीआई जांच की मांग को एक सिरे से खारिज कर दी थी। पूरे मामले की जांच का भरोसा दिया था। विधानसभा चुनाव में भी बना था मुद्दा- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान भी बिरनपुर में हुई हत्या एक बड़ा मुद्दा बना था। भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न हिन्दू संगठनों ने इस मामले की सीबीआइ जांच कराने को लेकर धरना प्रदर्शन और आंदोलन भी किया था। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की केबिनेट ने बिरनपुर हत्याकांड की गंभीरता और जनभावना को देखते हुए। इसकी सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया था। छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति के बाद केंद्र सरकार ने इस मामले को सीबीआई को सुपुर्द कर दिया है।

*भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य सीट....*

मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि पूनम महाजन की नाराजगी दूर करूं और इस लोकसभा क्षेत्र के ज्वलंत सवालों पर उनसे चर्चा करूं. भाजपा नेताओं ने कहा है कि पूनम महाजन के टिकट काटने का निर्णय संगठनात्मक प्रतिक्रिया पर आधारित था. हालांकि, कुछ समय से संकेत मिल रहे थे कि पूनम महाजन का टिकट कटेगी, लेकिन उनकी जगह दूसरे उम्मीदवार को चुनने में पार्टी को समय लगा. पूनम महाजन के पिता प्रमोद महाजन की हत्या के मामले में भी उज्जवल निकम ही अभियोजक थे. प्रमोद महाजन की अप्रैल 2006 में एक विवाद के बाद उनके भाई प्रवीण ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.

पूनम महाजन भाजपा की युवा शाखा की पूर्व अध्यक्ष भी रही हैं. देश में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में, यानी लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर कुल 1679891 मतदाता थे. उस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूनम महाजन को जीत हासिल हुई थी, और उन्हें 486672 वोट हासिल हुए थे. वहीं उनके मुकाबले में संजय दत्त की बहन प्रिया दत्त ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था और वह दूसरे स्थान पर रही थीं. 2014 में भी पूनम महाजन ने प्रिया दत्त को इस सीट पर चुनाव में हराया था. मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है.

*पीएम मोदी ने वोट बैंक की परवाह ....*

आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति, गरीबी से मुक्ति। युवाओं को एक ऐसा मंच देना जिससे वे दुनिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकें और एक महान भारत का निर्माण कर सकें। अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला- कांग्रेस पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि जब अनुच्छेद- 370 को हटाया गया तो राहुल गांधी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इससे कश्मीर में खून की नदी बह जाएगी। लेकिन, पिछले पांच वर्षों में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे तो कोई भी पाकिस्तान से देश में प्रवेश कर बम विस्फोट कर सकता था। उन्होंने आगे कहा कि जब पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी में आतंकी हमले किए तो वह भूल गया कि मोदी प्रधानमंत्री हैं। 10 दिनों के भीतर पीएम मोदी ने पाकिस्तान की धरती पर आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक किया। मोदी ने देश को सुरक्षित करने और इसे समृद्ध बनाने के लिए काम किया। पांचवें स्थान पर पहुंची देश की अर्थव्यवस्था- गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। पीएम मोदी ने सिर्फ 10 साल में इसे पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। मैं आपको गारंटी देता हूं कि उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाइए, भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। राज्य ब्यूरो के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने भरूच में एक जनसभा में कहा कि आप गड़बड़ करेंगे तो अर्बन नक्सली आकर सब कुछ तहस-नस कर देंगे। पीएम मोदी ने देश की सत्ता संभालने के बाद अपने पहले भाषण में कहा था कि उनकी सरकार गरीब, दलित और आदिवासियों की है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के लिए काफी काम किए हैं। जबकि, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मिलकर लूट की योजना बनाई है।

*मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश...*

तो वह पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी थीं। खड़गे ने कहा कि हमारे घोषणापत्र में सब कुछ गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए है। पीएम मोदी इसको पता नहीं क्यों मुस्लिम लीग का घोषणापत्र बता रहे हैं। यह काफी शर्मनाक है।

*सीएम बोले- जब तक देश में मोदी....*

सीएम ने कहा कि कांग्रेस यह भ्रम फैला रही है कि चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी आरक्षण खत्म कर देगी और महतारी वंदन योजना बंद हो जाएगी, लेकिन आपको विश्वास दिलाता हूं जब तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, महतारी वंदन योजना बंद नहीं होगी और केंद्र में मोदी जी की सरकार रहेगी आरक्षण नहीं खत्म होगा। डा. रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल में जो भी योजनाएं थी उसे फिर से शुरू करेंगे। चिंतामणि बोले- मोदी जी का पिक्चर अभी बाकी- सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग की जनता ने मोदीजी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए संभाग की सभी 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर दी। चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अंबिकापुर आए थे और उन्होंने कहा था कि 10 साल का कार्यकाल तो ट्रेलर हैं पिक्चर अभी बाकी है। मोदीजी ने ट्रेलर में ही दिखा दिया। काश्मीर से धारा 370 खत्म हो गई, 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य रामलला का मंदिर बना। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार ने मोदी जी की गारंटी को पूरा किया।

70 साल से अधिक के बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज- कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि पीएम ने नारा दिया है अबकी बार 400 पार। मोदी जी की गारंटी के तहत सब काम हो रहा है। 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। 2100 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रूपए प्रत क्विंटल की दर से खरीदी। तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5,500 रूपए प्रति मानक बोरा दिया जाएगा। महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पांच साल विकास कार्यों को रोक दिया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों की कमी नहीं होने देगी। अब 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का 5 लाख तक का मुफ्त में इलाज होगा। महिलाओं के खाते में सांय-सांय आ रहा पैसा- विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी अपने नाम के अनुसार ही काम कर रहे हैं। महिलाओं के खाते में सांय-सांय पैसा आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत ही सरल और सहज हैं।

**सुनीता केजरीवाल ने किया रोड शो...**

के लिए प्रचार करेंगी। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली में भाजपा के लिए अलग माहौल बन गया है। लोग पूछ रहे हैं कि मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया। हर कोई इस गिरफ्तारी के खिलाफ है। दिल्ली-पंजाब की जनता केजरीवाल के साथ खड़ी है। आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद केंद्र सरकार ने ईडी की मदद से मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने चुनाव में हार के डर के कारण ये कार्रवाई की। भाजपा नहीं चाहती थी कि केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरें, लेकिन मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद भाजपा को नुकसान हुआ है। दिल्ली-पंजाब के साथ दूसरे हिस्सों में जनता मुख्यमंत्री के समर्थन में आई है। रोड शो के दौरान सुनीता के साथ स्थानीय विधायक भी प्रचार करेंगे। रोड शो जिस विधानसभा क्षेत्र से निकलेगा, उसमें स्थानीय विधायक सहित अन्य नेता शामिल होंगे। रोड शो के माध्यम से पार्टी जनता के सामने अपनी बात रखेगी।



# क्या हॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं कैटरीना कैफ ?

कैटरीना कैफ ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है, जहां एक्ट्रेस ने अपने हॉलीवुड डेब्यू पर बात की है. कैटरीना कैफ ने हॉलीवुड जाने के प्लान के साथ ही बताया कि पहले वह एक प्रोजेक्ट रिजेक्ट भी कर चुकी हैं. आइए, यहां जानते हैं आखिर कैटरीना कैफ अब हॉलीवुड जाना चाहती हैं या नहीं और उन्होंने किस वजह से प्रोजेक्ट ठुकरा दिया था ?

कैटरीना कैफ ने हाल ही वैरायटी को एक इंटरव्यू दिया है. जहां उन्होंने बताया कि हॉलीवुड प्रोजेक्ट रिजेक्ट करने के पीछे कई कारण थे. साथ ही हॉलीवुड जाने के प्लान पर रिएक्ट करते हुए कैटरीना ने कहा- %मुझे विश्वास है यह होगा और मुझे लगता है यह मेरी किताब में नए चैप्टर की तरह होगा और खूब एक्साइटिंग होगा.
%

कैटरीना कैफ अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों के लिए अक्सर लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं. कैटरीना कैफ ने साल 2003 में बूम से बॉलीवुड में कदम रखा था. बूम के बाद कैटरीना कैफ ने सलमान खान की रोमांटिक कॉमेडी मैंने प्यार क्यों किया में काम किया था. इस फिल्म के बाद कैटरीना कैफ को खूब पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी.

मैंने प्यार क्यों किया के बाद कैटरीना कैफ के करियर में बैक-टू-बैक बिग बजट और हिट फिल्में आईं. जिनमें सिंह इज किंग, अजब प्रेम की गजब कहानी, जिंदगी मिलेगी ना दोबारा, एक था टाइगर, फितूर समेत कई फिल्में शामिल हैं.

कैटरीना कैफ साल 2023 में सलमान खान के साथ टाइगर 3 में नजर आई थीं. एक्शन करने के बाद कैटरीना ने साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति के साथ फिल्म मैरी क्रिसमस में काम किया था. श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस भले बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई लेकिन इसे क्रिटिक्स से बेहतरीन रिव्यू मिले थे.



# प्रियंका ने साझा किया अस्वीकृति का दर्द, बोलीं...

प्रियंका चोपड़ा ने अपने शुरुआती दौर में फिल्मों में मिली अस्वीकृति का दर्द साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह उन्हें बॉलीवुड से किनारे कर दिया गया।

प्रियंका चोपड़ा न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं। हिंदी सिनेमा में कई सुपरहिट फिल्में देने के बाद प्रियंका ने हॉलीवुड का रुख किया। अभिनेत्री ने गायक निक जोनस से शादी की और अमेरिका की निवासी बन गईं। उन्होंने अभिनय के क्षेत्र में ऊंचा मुकाम हासिल कर लिया है। वहीं, अभिनेत्री अपने लुक और फिल्मों को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में, हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हैथवे ने प्रियंका चोपड़ा के साथ काम करने की इच्छा जताई है। ऐनी ने खुद को प्रियंका का फैन बताया और कहा कि वह रात भर प्रियंका को गूगल पर सर्च करती हैं, लेकिन अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा से जुड़ा एक पुराना वाकया सामने आया है। खुद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि किस तरह बॉलीवुड में लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्मों से सिर्फ इसलिए निकाल दिया जाता था, क्योंकि किसी की गर्लफ्रेंड को कॉस्ट कर लिया गया था।

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा कि अस्वीकृति से निपटना आसान नहीं होता। खासकर जब आप फिल्म जैसे क्षेत्र में हों, जहां यह मायने रखता हो कितने लोग आपको देखने आते हैं, आपके प्रदर्शन के बारे में निर्देशक क्या सोचता है ? और आपका कास्टिंग एजेंट क्या सोचता है ? यह व्यक्ति पर निर्भर करता है। अभिनेत्री ने आगे कहा, मुझे बॉलीवुड में बहुत सारी अस्वीकृतियां बहुत सारे कारणों से मिली हैं। चाहे मैं रोल के लिए फिट ना रही हूं, चाहे पक्षपात की वजह से, चाहे किसी की गर्लफ्रेंड को कास्ट कर लिया गया हो, ऐसे बहुत से कारण हैं। इसे स्वीकार कर लेना ठीक है। मैंने ऐसा ही किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभिनेत्री ने एक पुराने साक्षात्कार में कहा था कि एक ऐसा समय था कि बॉलीवुड में कोई उनके साथ काम नहीं करना चाहता था। उन्होंने खुलासा किया था कि वह बहुत टूटा हुआ महसूस कर रही हैं। उन्होंने बताया था कि पिछले एक साल से वो अस्वीकृति का सामना कर रही हैं। वहीं, साल 2023 में उन्होंने एक और साक्षात्कार में खुलासा किया था कि उन्हें बॉलीवुड से किनारे कर दिया गया है।





# वॉर 2 के इस गाने में कहर ढाएंगे ऋतिक रोशन- जूनियर एनटीआर

ऋतिक और जूनियर एनटीआर ने एक साथ वार 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों साथ में फिल्म के कुछ इंटेंस और हाई ऑक्टेन एक्शन सीन्स को साथ शूट करेंगे. इसके अलावा दोनों एक तड़कते-भड़कते डांस नंबर में भी साथ नज़र आएंगे. जिसमें ऋतिक और जूनियर एनटीआर का फेसऑफ होगा. इस गाने को पूरी फिल्म की हाईलाइट बताया जा रहा है.

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक इस गाने को प्रीतम ने कम्पोज़ किया है. जिसे स्क्रीन पर बिल्कुल परफेक्ट दिखाने की तैयारी चल रही है. ऋतिक और जूनियर एनटीआर दोनों ही इंडस्ट्री में डांस के महारथी हैं. ऐसे में इन दोनों को एक साथ एक ही गाने पर नाचते देखना हर किसी के लिए रोमांचक होगा. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक,

वॉर 2 में एक ऐसी सिचुएशन क्रिएट की गई है जहां ऋतिक और जूनियर एनटीआर को साथ आकर एक-दूसरे के संग डांस करना होगा. दोनों ही अपने मूव्स के लिए जाने जाते हैं. ऋतिक हाल ही में वॉर में और जूनियर एनटीआर ऋऋऋ के गाने नाटू-नाटू में डांस करते दिखाई दिए हैं. दोनों ही फिल्मों में दो-दो हीरो थे. अब मेकर्स चाहते हैं कि वॉर 2 के लिए ये डांस जय जय शिवशंकर मीटिंग नाटू-नाटू जैसा हो जाए.

प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और डायरेक्टर अयान मुखर्जी जानते हैं कि वॉर 2 सिर्फ एक्शन फिल्म नहीं बल्कि फुल टू एंटरटेनिंग फिल्म है. जिसमें गाने का भी बहुत बड़ा रोल होने वाला है. ये ना सिर्फ फिल्म की पॉपुलैरिटी के लिए हैं बल्कि ये कहानी को भी आगे लेकर जाएंगे. अगर सब कुछ ठीक रहा और जनता ने इस गाने को पसंद किया तो ये हंगामा मचा देगा और अभी तक के सारे डांसिंग नंबर्स से हटकर और यूनिक होगा.

पिछले दिनों खबर आई थी वॉर 2 का इंट्रो सीन चौचक होने वाला है.

पिंकविला ने सूत्रों के हवाले से खबर चलाई,

ऋतिक रोशन 23 फरवरी से वॉर 2 की शूटिंग शुरू करेंगे. वो अपने इंट्रोडक्शन सीन से शुरुआत करेंगे. जिसमें तगड़ा एक्शन सीक्वेंस होगा. इस सीक्वेंस को अयान मुखर्जी के साथ मिलकर प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और कुछ एक्शन एक्सपर्ट ने डिज़ाइन किया है. इसकी शूटिंग करीब दो हफ्ते चलेगी. मेकर्स ये श्योर करना चाहते हैं कि इसी सीन से फिल्म का पूरा मूड सेट हो जाए. वॉर 2 रिलीज़ डेट फिलहाल 25 जनवरी 2025 बताई जा रही है. वॉर 2 के बाद आएगी टाइगर वर्सज़ पठान. और उसके बाद आलिया भट्ट और शरवरी वाघ वाली फीमेल सेंट्रिक स्पाय फिल्म का नंबर आएगा. फिलहाल, तो यशराज फिल्म्स की टाइमलाइन यही है.

# गोविंदा ने बहू कश्मीरा को किया माफ



गोविंदा की भांजे कृष्णा अभिषेक और बहू कश्मीरा शाह से सालों से लड़ाई चल रही थी। दोनों के बीच बयानबाजी का सिलसिला एक दौर में खूब चर्चा में रहा है। हालांकि, भांजी आरती की शादी में गोविंदा ने सारे गिले-शिकवे मिटा दिये और कश्मीरा व कृष्णा के साथ भी सुलह कर ली है।

आरती सिंह ने 25 अप्रैल को एक ग्रैंड वेडिंग में दीपक चौहान के साथ सात फेरे लिये हैं। 39 साल की एक्ट्रेस की शादी में सारी लाइमलाइट गोविंदा चुरा ले गए। कहा जा रहा था कि कृष्णा और कश्मीरा संग लड़ाई की वजह से वह शादी में शिरकत नहीं करेंगे, लेकिन अचानक फंक्शन में आकर उन्होंने सभी को हैरान कर दिया। गोविंदा के शादी में शामिल होने के बाद कश्मीरा शाह ने पैपराजी के साथ बातचीत में कहा था कि वह बहुत खुश हैं कि उनके चीची मामा (गोविंदा) ने फंक्शन में शामिल होकर आरती और दीपक को आशीर्वाद दिया। इसके अलावा कश्मीरा ने कहा था कि उन्होंने गोविंदा के पैर भी छुये। अब शादी से एक्टर का वीडियो सामने आ गया है। आरती सिंह की शादी से गोविंदा का एक इनसाइड वीडियो सामने आया है, जिसमें कश्मीरा शाह के पैर छूने वाले स्टेटमेंट की सच्चाई पता चली है। क्लिप में देखा जा सकता है कि गोविंदा दूल्हा-दुल्हन आरती और दीपक को आशीर्वाद दे रहे हैं। कश्मीरा ने ससुर का स्वागत किया और उनके पैर छुए। अभिनेता भी बहूरानी को प्यार से आशीर्वाद देते हुए दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं, उन्होंने कश्मीरा और कृष्णा के दोनों बच्चों पर भी प्यार लुटाया।

# टीवी एक्ट्रेस ने प्रोड्यूसर पर लगाया हैरेसमेंट का आरोप

कृष्णा मुखर्जी टेलीविजन की दुनिया का जाना-माना चेहरा हैं। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'ये है मोहब्बतें' से अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री को आखिरी बार दंगल टीवी के 'शुभ शगुन' में शहजादा धामी के साथ देखा गया था। इसके बाद से ही एक्ट्रेस ने टेलीविजन से ब्रेक ले लिया है। इस बीच अब एक्ट्रेस कृष्णा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर चैनल और 'शुभ शगुन' के निर्माता के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कृष्णा मुखर्जी ने बताया कि वह टीवी सीरियल के सेट पर हैरेसमेंट का शिकार हो चुकी हैं। कृष्णा मुखर्जी के इस पोस्ट से सोशल मीडिया पर ही नहीं बल्कि टीवी इंडस्ट्री में भी हलचल मच गई है।

अभिनेत्री कृष्णा मुखर्जी का कहना है कि वह 'शुभ शगुन' के निर्माता की वजह से पिछले कुछ महीनों से तनाव में हैं और इसकी वजह से उनकी नींद उड़ गई है। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें शो के सेट पर परेशान किया गया था। 'ये है मोहब्बतें' फेम कृष्णा मुखर्जी ने मेकअप रूम में बंद किए जाने वाली घटना के बार में भी खुलासा किया और कहा कि पिछले 5 महीनों से उनके किए गए काम के पैसे उन्होंने नहीं दिए है। इतना ही नहीं कृष्णा ने निर्माता से मिल रही धमकियों के बारे में भी बताया और कहा कि उन्हें बोलने से डर लगता था। वह आगे कहती है कि वह अब सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं और किसी भी शो को न करने के पीछे का डर भी बताया है।



कृष्णा मुखर्जी ने लिखा, मुझमें कभी अपने दिल की बात कहने की हिम्मत नहीं थी, लेकिन आज मैंने फैसला किया कि अब मैं इस बात का खुलासा करके रहूंगी। मैं कठिन दौर से गुजर रही हूं और पिछला डेढ़ साल मेरे लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैं बहुत उदास हो चुकी हूं, चिंतित हूं और जब मैं अकेली होती हूं तो दिल खोलकर रोती हूं। पर ये सब तब शुरू हुआ जब मैंने दंगल टीवी के लिए अपना आखिरी शो 'शुभ शगुन' करना शुरू किया। ये शो करना मेरे जीवन का सबसे खराब फैसला था। मैं ऐसा कभी नहीं करना चाहता था लेकिन मैंने दूसरों की बात सुनी और शो करने के लिए हां कह दी।

***कृष्णा मुखर्जी ने मांगा इंसाफ***

टीवी एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी ने पोस्ट शेयर करते हुए खुलासा किया है। लिखा, मुझे मेरे मेकअप रूम में बंद कर दिया क्योंकि मेरी हालत ठीक नहीं थी और मैंने शूटिंग न करने का फैसला किया था क्योंकि वे मुझे मेरे किए गए काम के पैस नहीं दे पा रहे थे और मेरी तबीयत भी खराब थी। मैं जब अपने मेकअप रूम का दरवाजे बंद कर कपड़े बदल रही थी वे मेरे रूम के दरवाजे को पीट रहे थे ऐसे लग रहा था कि वो इसे तोड़ देंगे। 5 महीने होने को हैं उन्होंने आज तक मेरे काम के कोई पैसे नहीं दिए हैं। मैं प्रोडक्शन हाउस और दंगल ऑफिस गई हूं, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। मुझे कई बार धमकी भी दी गई। पूरे समय मुझे डर लगता है। मैंने कई लोगों से मदद मांगी लेकिन कुछ नहीं हुआ। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं कोई शो क्यों नहीं कर रही? यही कारण है। मुझे डर लग रहा है कि अगर ये घटना दोबारा घटी तो क्या होगा? मुझे अब न्याय चाहिए।

# भारती सिंह ने टीवी जगत के काले सच का किया पर्दाफाश



टीवी इंडस्ट्री को सितारों को अक्सर कई कई घंटों तक शूटिंग करनी पड़ती है जिसके चलते उनके फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर काफी असर पड़ता है. वहीं काम की लंबी समय सीमा को लेकर कई बार इन सितारों का दर्द छलक चुका है. वहीं अब कॉमेडियन भारती सिंह ने भी टीवी जगत के काले सच से पर्दा उठाया है. दरअसल भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने हाल ही में मनोज बाजपेयी और प्राची देसाई को अपने पॉडकास्ट पर इनवाइट किया था. इस दौरान मनोज और प्राची ने टेलीविजन शो के सेट पर लंबे समय तक काम करने के बारे में बात की थी. जिसके बाद भारती ने खुलासा किया कि, फीमेल आर्टिस्ट अक्सर आईवी ड्रिप पर रहते हुए भी सीन शूट करती हैं. भारती ने खुलासा किया, 'मैंने लड़कियों को डेली सोप में ड्रिप लगाकर काम करते हुए भी देखा है. उन्हें घर जाने की इजाजत नहीं थी क्योंकि तब तक शॉट टेलीकास्ट नहीं हुआ होता था. इसके बाद हर्ष ने ये भी खुलासा किया कि कैसे डायरेक्टर को कैमरे पर उनके परफेक्ट शॉट से मतलब होता था और उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं होती कि एक्टर्स 'लाइफ और डेथ' की सिचुएशन से गुजर रहे हैं. एपिसोड के दौरान, हर्ष ने ये भी शेयर किया कि एक्टर्स कम से कम घंटों की नींद लेकर सेट पर 15-15 घंटे से ज्यादा काम करते थे. उन्होंने कहा, 'मैंने डायरेक्टर्स और क्रिएटिव्स को नींद की कमी के कारण दिल के दौरे और हेल्थ रिलेटेड इश्यू का सामना करते देखा है. लोग चाय पिएंगे, धूम्रपान करेंगे, केवल निर्धारित भोजन करेंगे और एसिडिटी से पीड़ित होंगे, लेकिन इसे कंट्रोल नहीं कर पाएंगे. इस पर प्राची ने कहा कि मैं जब टीवी पर काम करती थी तो मैं भी नींद दूर करने के लिए दिन-रात कॉफी पीती थी.

# बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हुई 'रुस्लान'

मुश्किल से हुई लाखों में कमाई, जानें- कलेक्शन

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कड़की का दौर छाया हुआ है. हाल ही में रिलीज हुई कई फिल्में टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिरी हैं. यहां तक कि अजय देवगन की मैदान और अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां भी फ्लॉप हो गई. इन सबके बीच आयुष शर्मा की एक्शन थ्रिलर फिल्म च्रुस्लानज् इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई . इस फिल्म का जमकर प्रमोशन किया गया था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे भी दर्शकों का बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला है. रिलीज के पहले ही दिन ये फिल्म थिएटर्स में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई. चलिए यहां जानते हैं च्रुस्लानज् ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है ?



सलमान खान की बहन अर्पिता के पति और एक्टर आयुष शर्मा ने पहली बार सलमान खान प्रोडक्शन से बाहर की फिल्म च्रुसलानज् की है. इससे पहले आयुष च्लवयात्रीज् और च्अंतिमज् में नजर आए थे. च्रुसलानज् के ट्रेलर को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला था. फिल्म के लिए आयुष ने भी बहुत मेहनत की है. च्रुसलानज् में उनके लुक के खूब चर्चे हो रहे हैं. वहीं इस फिल्म की अच्छी एडवांस बुकिंग भी हुई थी. जिसके बाद लग रहा था कि च्रुस्लानज् बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करेगी. हालांकि आयुष शर्मा की इस फिल्म की पहले दिन की परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रही हैं. वहीं अब च्रुस्लानज् की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. `रुस्लान' की ओपनिंग बेहद ठंडी रही है.

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में 77.42 प्रतिशत मतदान

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान में सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रही। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में होगी।

प्राप्त जानकारी अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 78.44 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 76.41 प्रतिशत महिला मतदाता एवं 62.50 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 14 लाख 46 हजार 247 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 7 लाख 29 हजार 271 पुरूष मतदाता, 7 लाख 16 हजार 971 महिला मतदाता एवं 5 अन्य मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया में 71.97 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 74.38 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 69.57 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 2 लाख 29 हजार 397 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का

**लोस चुनाव 2019 से 1.39 प्रतिशत बढ़ा मतदान**





प्रयोग किया। जिसमें 1 लाख 18 हजार 348 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 10 हजार 959 महिला मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा में 75.83 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 77.42 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 74.26 प्रतिशत महिला एवं 100 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 2 लाख 53 हजार 807 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 1 लाख 28 हजार 610 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 25 हजार 195 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 73-खैरागढ़ में 78.04 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 78.95 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 77.12 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 73 हजार 520 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 87 हजार 872 पुरूष मतदाता एवं 85 हजार 648 महिला मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ में 79.41 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 80.12 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 78.68 प्रतिशत महिला एवं 33.33 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 67 हजार 696 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 85 हजार 140 पुरूष मतदाता एवं 82 हजार 555 महिला मतदाता एवं 1 अन्य मतदाता शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव में 77.20 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 78.68 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 75.78 प्रतिशत महिला एवं 100 प्रतिशत अन्य मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 65 हजार 87 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 82 हजार 460 पुरूष मतदाता एवं 82 हजार 625 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव में 82.36 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 82.75 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 81.96 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 68 हजार 437 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 85 हजार 63 पुरूष मतदाता एवं 83 हजार 374 महिला मतदाता शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी में 81.62 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 81.14 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 82.10 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 57 हजार 27 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 77 हजार 548 पुरूष मतदाता एवं 79 हजार 479 महिला मतदाता शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78-मोहला-मानपुर में 77.09 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें 76.73 प्रतिशत पुरूष मतदाता एवं 77.43 प्रतिशत महिला मतदाता ने मतदान किया। कुल 1 लाख 31 हजार 276 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 64 हजार 140 पुरूष मतदाता एवं 67 हजार 136 महिला मतदाता शामिल है।

## स्वीप की टीम ने मतदान के प्रति जागृति लाने के लिए बेहतरीन कार्य करते हुए लिखी सफलता की नई इबारत




राजनांदगांव (दावा)। स्वीप की टीम ने मतदान के प्रति जागृति लाने के लिए बेहतरीन कार्य करते हुए सफलता की नई इबारत लिखी है। जिले के दो ग्राम झाड़ीखैरी एवं हालडुला में ग्रामीणों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था।

स्वीप की टीम ने इन ग्रामों को चिन्हांकित कर वहां विशेष अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका असर यह रहा कि ग्राम झाड़ीखैरी में 82.79 प्रतिशत

- मतदान का बहिष्कार करने वाले ग्रामों में अभियान चलाकर किया मतदान जागरूकता कार्यक्रम
- ग्राम झाड़ीखेरी में 82.79 प्रतिशत एवं हालडुला में 84.83 प्रतिशत रहा मतदान

स्वीप नोडल सुश्री सुरुचि सिंह

## जिले में लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदान प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता



**जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया**

सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है।

कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी जन को अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने राजनांदगांव जिले के अलावा कबीरधाम, खैरागढ़-गण्डई-छुईखदान, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को निभाया और सभी का सक्रिय सहयोग मिला। मीडिया से जुड़े साथियों ने निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी समाचारों को पर्याप्त महत्व दिया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारियों का जिनका सहयोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर रहा है तथा नगरीय, त्रिस्तरीय पंचायत के सभी जन, सामाजिक संस्थाएं, उद्योग एवं वाणिज्य क्षेत्र से जुड़े लोग, स्वयं सेवी संस्थाएं एवं अन्य सभी संस्थाए व समूह जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष

## मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी पर कलेक्टर ने किया मतदान दलों का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। जिले के मतदान दलों ने विभिन्न मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर वापस बधाई दी। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी हुई। मतदान दलों की वापसी का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा।

मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा करने के लिए सभी काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी कर ली गई थी एवं मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की

08_PAGE_DAWA 28-Apr-2024.qxd 4/28/2024 1:30 AM Page 1 (1,2)

कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसका असर यह रहा कि ग्राम झाड़ीखेरी में 82.79 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं ग्राम हालडुला में 84.83 प्रतिशत मतदान रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं

## प्रतिशत रहा मतदान

स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए सफलता के नये आयाम प्राप्त किए हैं।

स्वीप की टीम द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किये गए। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। राजनांदगांव जिले में मतदान का प्रतिशत 80.14 रहा है।

स्काउट-गाईड के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए।

निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक निटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं से जुड़े लोग, स्वयं सेवी संस्थाएं एवं अन्य सभी संस्थाए व समूह जिन्होंने निर्वाचन कार्य के मतदान की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग किया है और अपनी सहभागिता निभाई है, उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर वापस आने पर मतदान दलों का स्वागत किया। उन्होंने शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने पर मतदान दलों को काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी कर ली गई थी एवं मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गर्मी में बढ़ी फलों की मांग, आम की आवक



# यात्रीगण ध्यान दें; गोंदिया तक चलेंगी सारनाथ एक्सप्रेस

**कई ट्रेनों के बढ़े फेरे**

राजनांदगांव (दावा)। यात्रियों को अधिक से अधिक रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए 08793/08794 दुर्ग-पटना-दुर्ग और 08795/08796 दुर्ग-छपरा-दुर्ग ट्रेनों का गोंदिया तक विस्तार किया गया है। साथ ही ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर-यशवंतपुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन नौ फेरो के लिए बढ़ी।

दूसरी ओर पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना सेक्शन के गणेश गंज स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग काम के फलस्वरूप बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 29 अप्रैल से एक मई तक गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल और एक से तीन मई तक गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# स्ट्रांग रूम सील, कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात

राजनांदगांव (दावा)। जिले में मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव के स्ट्रांग रूम में मतपेटियों को सील कर दिया गया है।

स्ट्रांग रूम में विधानसभावार ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। जिले में मतदान संपन्न हो गया है एवं मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।



**4 जून को होगी मतगणना**

प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कॉपोरेशन बसंतपुर राजनांदगांव में मतगणना स्थल और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगढ़ उमेश पटेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी डोंगरगांव मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मदहोश बाईक सवार ने मारी टक्कर, पिता-पुत्री की मौत



**० शराब ने उजाड़ दी फिर एक परिवार के जिंदगी**
**० पिनकापार के पास दो मोटरसाइकिल में आमने सामने भिड़ंत**

डोंगरगांव (दावा)। शराब के नशे में मदहोश बाईक सवार ने सामने से आ रहे एक अन्य बाईक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इससे सामने बाईक चालक सहित सामने बैठी उसकी बेटी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। डोंगरगांव से पिनकापार मार्ग पर घटित घटना में पांच अन्य गंभीर हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम टटेंगा (जेवरतला) निवासी पीताम्बर साहू आ. गैंदलाल साहू (35 वर्ष) ग्राम खुर्सीपार (कबीरमठ नादिया) से विवाह उपरांत अपनी पत्नि डेमिन (30 वर्ष), पुत्र खोमेन्द्र (10 वर्ष) तथा पुत्री निशा (6 वर्ष) को बाईक में बैठाकर गृहग्राम जाने के लिए दोपहर में रवाना हुए । इस बीच वे ग्राम पिनकापार के करीब पहुंचे ही थे, कि सामने से तीन सवारी आ रहे बाईक सवार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाईक में सवार सातों लोग उछलकर इधर उधर गिर पड़े।

घटना की जानकारी होते ही आने जाने वाले राहगीरों ने एबुलेंस तथा उनके परिजनों को सूचना दी। एबुलेंस के आने में समय लगता देख एक कार सवार ने गंभीर रूप से घायल पीताम्बर को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव लेकर पहुंचे। उसके बाद दो एबुलेंस अन्य छः लोगों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ घायलों के सायं 5.30 बजे स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। यहां पर मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों ने स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करते हुए एम्बुलेंस से घायलों को उतारने तथा वार्ड में शिफ्ट करने में सहयोग किया।

इस दौरान एकमात्र महिला डॉक्टर के उपलब्ध होने पर तत्काल आनन फानन में कुछ स्थानीय डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को कॉल करके बुलाया गया, तब घायलों का इलाज प्रारंभ हो सका। लेकिन इलाज के दौरान ही गंभीर रूप से घायल पिताम्बर साहू (35 वर्ष) तथा बालिका निशा (6 वर्ष) की मौत होने की खबर है। शेष घायलों में से बेहतर इलाज के लिए डेमिन तथा खोमेन्द्र को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इसके अलावा एक अन्य बाईक में सवार खूबलाल, चमन पटेल तथा एक अन्य का प्रारंभिक इलाज किया गया। इनमें से बाईक चालक को नाक , मुंह सहित सीने आदि में गंभीर चोट के कारण सर्वप्रथम रिफर किया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए इनमें से अन्य दो को भी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर करने की जानकारी मिली है।

## शराब ने फिर उजाड़ दिया एक हंसता खेलता परिवार

आज की घटना के पीछे फिर एक बार युवकों का शराब सेवन बड़ी वजह बनकर सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाईक में सवार तीनों युवक शराब के नशे में मदहोश बताये गये। अस्पताल पहुंचने के दौरान भी युवकों के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आने के समाचार है। सामान्य स्पीड में परिवार सहित जा रहे साहू परिवार का मुखिया इस घटना में काल कवलित हो गया। वहीं एक बच्ची भी बेसमय सडक़ दुर्घटना की अपनी जान गंवा बैठी। बताया जाता है कि मृतक की पत्नि घटना के बाद से सदमे में है। वहीं बालक के भी मुंह आदि में चोट पहुंची है। घटना के बाद शादी घर में मातम का माहौल है और घर वाले सदमे में हैं। ओपीडी टाइम में डॉक्टर की अनुपस्थिति पर नायब तहसीलदार श्री सिद्दीकी ने बीएमओ को नोटिस जारी करने कहा है और व्यवस्था में सुधार के लिए सख्त हिदायत दी है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com

CMYK